हरिभूमि
# रायपुर भूमि



## गर्मी की आहट... पतझड़ का मौसम

■ बसंत का मौसम, दिन में बढ़ रही गर्मी, रात में मामूली ठंड

रायपुर। दिन में गर्मी बढ़ने के साथ पतझड़ की शुरूआत हो चुकी है। पेड़ की शाखों से पुराने हो चुके पत्ते झड़ने लगे हैं और उनके स्थान पर नई पत्तियां और फूलों के आने का इंतजार किया जा रहा है। बसंत को उल्लास भरा महीना माना जाता शेष पेज 13 पर

### रायपुर-जगदलपुर में 35 डिग्री

वर्तमान में रायपुर और जगदलपुर दिन में 35 डिग्री की गर्मी झेल रहा है मगर रात में ठंडकता का अहसास हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पुरानी विक्षोभ गुजरने के बाद बुधवार को शेष पेज 13 पर

फोटो: अजय साहू

## खबर संक्षेप

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर पीटा, तीन पर केस

रायपुर। आजाद चौक पुलिस ने मारपीट के मामले में तीन युवकों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। घटना 16 फरवरी की रात करीब साढ़े आठ बजे की है। प्रार्थी संतोष कुमार देवांगन निवासी अश्वनी नगर पुरानी बस्ती ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह घटना के समय अपने घर जा रहा था। इसी दौरान गगन सोना एवं अन्य दो युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया और शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। मना करने पर तीनों ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्का एवं बेल्ट से उसकी पिटाई की। पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 115-2, 351-2, 119 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### बैट से हमला कर युवक को किया घायल

रायपुर। गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के कलिंगनगर में सुलभ शौचालय के पास एक युवक की दो युवकों ने बैट से पिटाई कर दी। घटना 17 फरवरी की सुबह 11 बजे की है। प्रार्थी नीलकमल चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटनास्थल पर शिव और करण नायक आपस में झगड़ा कर एक-दूसरे से गाली-गलौज कर रहे थे। उसने जब दोनों को मना किया तो इस बात पर दोनों ने उसके साथ विवाद कर उस पर बैट से हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध 296, 115-2, 351-2, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### 80 पौवा शराब बरामद, कोचिया गिरफ्तार

रायपुर। आबकारी एक्ट के मामले में उरला पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। पुलिस को 16 फरवरी को दोपहर में सूचना मिली कि मेटल पार्क रोड छपरा ढाबा के पास एक व्यक्ति अपने पास बड़ी मात्रा में शराब रखा हुआ है। पुलिस ने निशानदेही पर मौके पर पहुंचकर सत्यम सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 पौवा देशी शराब बरामद किया, जिसकी कीमत 7200 रुपए है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34-2 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### आपसी विवाद पर भिड़े दो पक्ष, जमकर मारपीट

रायपुर। आपसी विवाद पर साहूपारा तालाब टाटीबंध में रहने वाले दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट के बाद लहुलुहान हालत में दोनों परिवार आमानाका थाने पहुंचे, जहां उनके खिलाफ अपराध दर्ज किया है। दुर्गा बाई साहू की रिपोर्ट पर सत्यवती पटेल और उसके बेटे पुष्पराज तथा सत्यवती की रिपोर्ट पर गजेन्द्र एवं गौतम साहू के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

शंकरनगर एक्सप्रेस-वे के नीचे यातायात की नई व्यवस्था से लग रहा पहले से ज्यादा जाम

# खम्हारडीह थाना, महिला थाने के सामने सिग्नल हटते ही जाम खत्म, शंकर नगर एक्सप्रेस-वे पर पब्लिक परेशान

महिला थाने के सामने लगता था जाम, सिग्नल हटते ही खाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर की क्रासिंग वाली मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक जाम और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ऑटोमेटिक सिग्नल टाइमर सिस्टम लगाए गए हैं। इसके तहत रेड, यलो व ग्रीन सिग्नल के अनुसार गाड़ियों के चालक रोड क्रास करते हैं। सिग्नल सिस्टम के कारण क्रासिंग चौक पर ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिली है, साथ ही सड़क दुर्घटनाएं भी कम हुई हैं, लेकिन कहीं-कहीं सिग्नल ऐसी जगहों पर भी लगा दिए गए हैं, जिसके कारण जाम की स्थिति खत्म होने के बजाए और बढ़ गई है। शंकर नगर रोड एक्सप्रेस-वे के नीचे लगा सिग्नल सिस्टम इसका बड़ा उदाहरण है। जाम से मुक्ति दिलाने यहां सिग्नल सिस्टम लगाया गया है, लेकिन तब से यहां जाम की स्थिति सुधरना तो दूर, और ज्यादा बिगड़ गई है। रेड सिग्नल के कारण खम्हारडीह सिग्नल चौक से शंकर नगर होकर भगत सिंह चौक की ओर जाने वाली तथा भगत सिंह चौक से शंकरनगर होकर जाने वाली गाड़ियों का शेष पेज 13 पर

### केस 1

महिला थाना के सामने चौक पर सिग्नल सिस्टम लगाया गया था। इस सिस्टम के लगने के बाद कालीबाड़ी से चौक की ओर जाने वाली गाड़ियों की लंबी कतारें लगने लगी थीं। बैरंग बाजार से चौक आने वाला मार्ग तथा नगर निगम मुख्यालय से जिला जनसंपर्क संचालनालय कार्यालय तक भी गाड़ियों की लंबी कतारे लगने लगी थीं। विभाग ने सिग्नल सिस्टम को हटाकर यहां अब रोलिंग लगा दिया है। इसके बाद से यहां जाम की स्थिति भी नहीं बन रही है।

### केस 2

मोतीबाग चौक पर भी सिग्नल सिस्टम लगाया गया था। यहां सिग्नल सिस्टम लगने के बाद से शास्त्री बाजार, शास्त्री चौक, मोतीबाग और राजभवन की दिशा मार्ग से आने वाली गाड़ियों का चारों मार्ग पर रेला लग जाता था, जिसके कारण जाम की स्थिति बन जाती थी। इसे देखते हुए यहां भी सिग्नल सिस्टम को बंद कर यहां रोलिंग लगा दिया है।

### केस 3

खम्हारडीह थाना के सामने चौक पर भी आवश्यकता नहीं होने के बावजूद यहां सिग्नल सिस्टम लगा दिया गया था। इस सिस्टम के लगने के बाद से यहां जाम की स्थिति बनने लगी थी। इस कारण यहां का भी सिग्नल सिस्टम को अब बंद कर रोलिंग लगा दिया गया है।

शंकर नगर में सिग्नल लगते ही जाम



### बंद होने के बाद सुधरी व्यवस्था

ट्रैफिक पुलिस ने शहर में ऐसे रोड क्रासिंग वाले कई चौक पर सिग्नल लगाए हैं, जहां इसकी आवश्यकता नहीं थी। इसे देखते हुए विभाग को आखिरकार उन स्थानों पर लगे सिग्नलों को बंद करना पड़ा, जिसके बाद इन स्थानों पर गाड़ियों का सुगम आवागमन होने लगा और लोगों को जाम से मुक्ति भी मिली। हरिभूमि ने ऐसे कुछ सिग्नल पाइंटों की पड़ताल भी की है, जहां सिग्नल सिस्टम लगाए गए थे, लेकिन बाद में उसे बंद कर दिया गया।

### शंकरनगर सिग्नल चौक को आदर्श चौक बनाने की तैयारी

लोगों को जाम से राहत पहुंचाने एक्सप्रेस-वे के नीचे शंकर चौक पर सिग्नल सिस्टम लगाया गया है। शंकर नगर चौक को आदर्श चौक बनाने की दिशा में काम चल रहा है। इसके लिए भगतसिंह चौक पर भी सिग्नल सिस्टम को बंद कर यहां रोलिंग लगाने की तैयारी है। इसके अलावा तेलीबांधा से शंकरनगर जाने वाले मार्ग पर भी गार्डन को हटाने की तैयारी की जा रही है।

- **सतीश ठाकुर,** डीएसपी ट्रैफिक रायपुर

# चाय-नास्ते और रबर-पेंसिल में उड़ा दिए 10 लाख! रविवि ने प्राचार्य को थमाया नोटिस

■ उत्तपुस्तिकाएं और प्रश्नपत्र रविवि कराता है मुहैया, अन्य खर्चो के लिए दी जाती है निर्धारित राशि

■ मामला महासमुंद के बागबहरा महाविद्यालय का, अनावश्यक खर्चों पर रविवि ने दिखाई सख्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि ने महासमुंद के एक महाविद्याल को परीक्षा कार्य में अतिरिक्त खर्च को लेकर नोटिस थमा दिया है। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई व्यय राशि से 10 लाख 50 हजार 435 रुपए महाविद्यालय द्वारा अतिरिक्त खर्च किए गए हैं। रविवि ने अतिरिक्त खर्च का भुगतान तो महाविद्यालय को कर दिया है, लेकिन साथ ही प्राचार्य को नोटिस देते हुए उच्च शिक्षा विभाग को भी खत लिखा है। मामला महासमुंद के शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय का है।

विवि द्वारा महाविद्यालयों को उत्तरपुस्तिकाएं और प्रश्नपत्र प्रेषित किए जाते हैं। इसका व्यय रविवि ही वहन करता है। इसके अतिरिक्त केंद्रों में नियुक्त पर्यवेक्षक को पारिश्रामिक राशि प्रदान करने, जलपान, रबर-पेंसिल सहित अन्य व्यय के लिए रविवि महाविद्यालयों को राशि प्रेषित करता है। बागबाहरा के शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय को बीते सत्र में वार्षिक परीक्षा, सेमेस्टर परीक्षा और पूरक परीक्षा के लिए 16 लाख 4 हजार का समायोजन रविवि द्वारा किया गया है। विवि के अनुसार, इसमें से 10 लाख 50 हजार 435 रुपए आधिक्य व्यय है।

### कहां खर्च हुई राशि?

महाविद्यालय प्रबंधन ने निर्धारित राशि से कई गुना अधिक राशि परीक्षाओं पर खर्च किए हैं। केवल जलपान, स्टेशनरी और पर्यवेक्षकों के भुगतान में ही इतनी बड़ी राशि खर्च किए जाने पर कई तरह के सवाल खड़े हो गए हैं। विवि प्रशासन ने भी जांच बैठाने के स्थान पर केवल चेतावनी पत्र ही जारी किया है। कोरोनाकाल के बाद यह पहला मामला है, जब किसी महाविद्यालय द्वारा इतनी बड़ी राशि परीक्षा कार्य में खर्च की गई है।

### कार्रवाई नहीं, केवल नोटिस

विवि परीक्षाएं सम्पन्न होने के बाद महाविद्यालयों को खर्च की राशि देता है। पिछले माह हुई कार्यपरिषद की बैठक में यह मामला सामने आया था। विवि द्वारा महाविद्यालय पर कोई कार्रवाई फिलहाल नहीं की गई है। परीक्षा अवधि में कार्यरत प्राचार्यों को नोटिस देने का फैसना कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया। इसके बाद प्राचार्यों को नोटिस थमा दिया गया है। चेतावनी पत्र जारी करने के अलावा विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर पूरे मामले की जानकारी दी है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा भी कोई कार्रवाई फिलहाल नहीं की गई है।

*छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने जिलों के मुतवल्लियों से जानकारी मंगाई तो हुआ खुलासा*

# वक्फ बोर्ड की 100 एकड़ जमीन पर मुस्लिम नेताओं का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड में अध्यक्ष बदलने के बाद नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब एक नया खुलासा हुआ है कि वक्फ बोर्ड की सौ एकड़ जमीन पर मुस्लिम नेताओं का कब्जा है। इसको लेकर वक्फ बोर्ड के पास लगातार जानकारी पहुंची रही है। इसको लेकर बड़ी कार्रवाई की तैयारी चल रही है। वक्फ बोर्ड ने जिलों के मुतवल्लियों से सारी जानकारी मांगी है। जानकारी आने के बाद इसकी जांच करने पर इस बात का खुलासा हो रहा है कि प्रदेश के कई जिलों में जमीनों पर कैसे कब्जा कर लिया गया है। छत्तीसगढ़ में वक्फ बोर्ड के नाम पर जितनी भी प्रॉपर्टी है, सभी की जानकारी भी सार्वजनिक की जाएगी। कहां कितनी संपत्ति है, इसकी जानकारी मांगी गई है। इसे डिजिटल रिकॉर्ड में अपडेट किया जाएगा। संपत्ति की जानकारी छिपाने वालों या कब्जा करने वालों पर बोर्ड कार्रवाई भी करेगा। वक्फ के पास प्रदेशभर में 5000 करोड़ से ज्यादा की



प्रॉपर्टी है। वक्फ बोर्ड के पत्र में सभी जिलों के मुतवल्लियों से मस्जिदों, मदरसों, दरगाहों, कब्रिस्तानों, दुकानों, कृषि भूमि, स्कूलों, और प्लॉट्स की जानकारी भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इन दस्तावेजों को 12 फरवरी तक भेजने को कहा गया था। वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा करने के लिए इनकी जानकारी सेंट्रल पोर्टल में अपलोड की जाएगी। अब तक वक्फ बोर्ड के पास जो जानकारी पहुंची है, उसकी जांच में इस बात का पता चला है कि करीब सौ एकड़ जमीन पर मुस्लिम नेताओं ने कब्जा कर रखा है।

### मस्जिदों से भी मांगा आय का लेखा-जोखा

प्रदेश की 32 सौ मस्जिदों से साल भर की आय का पूरा लेखा-जोखा आडिट कराके देने का फरमान जारी किया गया है। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने सभी को साफ शब्दों में चेताया है, जो भी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करेंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार एक्शन लिया जाएगा। डा. सलीम राज ने बताया वक्फ संशोधन विधेयक असल में मुस्लिम भाग्य विधाता बिल है। इसलिए अब सब कुछ डिजिटल भी किया जा रहा है। हर मस्जिद को साल भर में अपना आडिट करना जरूरी है। इसलिए हमने छत्तीसगढ़ की भी सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों से अपना आडिट कराके रिपोर्ट देने के लिए कहा है। उन्होंने बताया मस्जिदों की जो भी कमाई होती है, उसमें से 30 फीसदी हिस्सा मुस्लिमों की शिक्षा, स्वास्थ्य और महिलाओं के उत्थान पर खर्च करना है। जो लेखा-जोखा मांगा गया है, उसमें साप्ताहिक कमाई, बैंक खाता नंबर, चेक से भुगतान की जानकारी और कई अन्य जानकारी मांगी गई है। सभी को हर हाल में मार्च तक ऑडिट रिपोर्ट देनी है। जो भी जानकारी नहीं देंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पति ने हड़प ली पत्नी की कंपनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पत्नी की कंपनी हड़पने के आरोप में पति के खिलाफ तेलीबांधा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। ताबिश जार ने अपने पति के खिलाफ शिकायत की है कि उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से उसकी कंपनी के शेयर हड़प लिए हैं। इसके अलावा महिला ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि दोनों कंपनी के अधिकृत मेल का दुरुपयोग कर उसे बदनाम करने की साजिश की जा रही है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच कर उसके पति के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया है।




पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## सड़क पर जन्मदिन का काटा केक, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सहित 10 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के सुंदरनगर चौक पर रविवार रात को बीच सड़क पर जन्मदिन का केक कटाकर सेलीब्रेट करने के मामले में पुलिस ने यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप उर्फ मक्कू सहित 10 युवकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए सभी को गिरफ्तार किया है। एक



महीने में शहर में यह दूसरा मामला है, जिसमें बीच सड़क पर केक काटकर सेलीब्रेट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। इससे पूर्व रायपुरा चौक सर्विस रोड पर भी इसी प्रकार कुछ लोगों ने बीच सड़क पर दो कार खड़ी कर बोनट पर केक काटकर जन्मदिन को सेलीब्रेट किया गया था। इस मामले को हाईकोर्ट ने भी संज्ञान में लिया था और इस मामले में केक काटने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद उस मामले में केक शेष पेज 13 पर

# निकाय चुनाव के बाद अब पहले सम्मिलन की तैयारी, कलेक्टरों को जारी हुआ निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- निगम, पालिका में अपील समिति का भी होगा चुनाव

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के तहत निगम, पालिका और नगर पंचायतों के चुनाव होने के बाद इन सभी निकायों के पहले सम्मिलन की तैयारी है। इस संबंध में राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किया है। निकायों में चुने हुए प्रतिनिधियों के बैठने के पहले ही सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक हट जाएंगे।

## चुने हुए प्रतिनिधियों के बैठने से पहले हटेंगे प्रशासक

### कौन करेगा अध्यक्षता

सम्मिलन की अध्यक्षता के संबंध में कहा गया है कि नगर निगम की स्थिति में जिला कलेक्टर एवं नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत की स्थिति में कलेक्टर द्वारा नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी सम्मिलन की अध्यक्षता करेंगे। नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों के मामले में प्राधिकृत अधिकारी डिप्टी कलेक्टर के पद की श्रेणी से कम न हों। शपथ का अनुविभागीय दंडाधिकारी के समक्ष हस्ताक्षरित किया जाएगा। संबंधित निकाय क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारियों को ही प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं।




### अपील समिति का भी गठन

नगर पालिका निगम, और पालिका परिषद में अपील समिति के सदस्यों के चुनाव के संबंध में बताया गया है कि किस अधिनियम की किस धारा के तहत अपील समितियों के सदस्यों का चुनाव किया जाएगा। नगर पंचायतों में अपील समिति का गठन करने की जरुरत नहीं है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी कलेक्टरों को नगरीय निकायों में प्रथम सम्मिलन के आयोजन, निर्वाचित महापौर, अध्यक्ष, तथा पार्षदों के शपथ ग्रहण, स्पीकर, उपाध्यक्ष का निर्वाचन तथा अपील समिति के सदस्यों के निर्वाचन संबंधी निर्देश दिए हैं। निर्देश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ नगर पिलाक निगम अधिनियम की धारा के तहत निर्वाचन की अधिसूचना की तारीख से 15 दिनों के भीतर चछा नगर पालिका अधिनियम के तहत निर्वाचन की अधिसूचना की तारीख से एक माह के भीतर निर्वाचित पार्षदों का सम्मिलन बुलाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### महापौर को बधाई देने पहुंचे निगम कर्मचारी संघ के नेता और निर्वाचित पार्षद

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। महापौर के चंगोराभाठा बाजार चौक वसुंधरा नगर स्थित निजी आवास में नगर निगम के अधिकारी और नवनिर्वाचित पार्षद भी बुके लेकर उन्हें बधाई देने पहुंचे। शहरी सरकार के मुखिया से मिलने नगर निगम कर्मचारी एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष मोहित दर्रो, श्याम सोनी, पदाधिकारी बमशंकर गुप्ता, आनंद ताम्रकार, जितेन्द्र नियाल, राजश्री श्रीवास सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी उनके निवास स्थल पहुंचे। कर्मचारियों ने नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे को शुभकामनाएं दी। नगर निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, निगम सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंता बद्री चंद्राकर सहित निगम के अधिकारियों ने महापौर को गुलदस्ता देकर बधाई दी। सोमवार को महापौर को उनके निवास में बधाई देने वालों में नवनिर्वाचित पार्षद व पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर, मुरली शर्मा, पूर्व पार्षद कामिनी देवांगन, सुशीला धीवर, संजू नारायण ठाकुर सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे।

### स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर सीएम साय ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने त्याग और तपस्या की प्रतिमूर्ति स्वामी रामकृष्ण परमहंस की 18 फरवरी को जयंती पर उन्हें सादर नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना के दैदीप्यमान प्रकाश स्तंभ थे। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से भक्ति, प्रेम, त्याग और मानवता के उच्च आदर्शों को चरितार्थ किया। वे मानते थे कि सभी धर्मों का सार प्रेम, न्याय और परोपकार में निहित है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने तपस्या, सत्संग, स्वाध्याय और साधना को जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए आध्यात्मिक जागरण पर बल दिया। उनके विचारों से प्रेरित होकर स्वामी विवेकानंद ने संपूर्ण विश्व को भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक जीवनमूल्यों का परिचय कराते हुए मानव सेवा का संदेश दिया।

### पीजी रिजल्ट अब तक नहीं, सुपरस्पेशलिटी कोर्स के लिए आवेदन 23 तक

**रायपुर।** मेडिकल कालेजों में एमडी-एमएस अंतिम वर्ष की परीक्षा हुए महीनेभर बीत चुका है, मगर इसका परिणाम घोषित नहीं किया गया है। इसके सुपरस्पेशलिटी कोर्स की तैयारी कर रहे डाक्टरों में संशय की स्थिति बन गई है। नीट-एसएस 2025 के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 23 फरवरी है। रिजल्ट नहीं आने की वजह से उन्हें प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं होने का डर सता रहा है। पिछले दिनों जूनियर डाक्टर एसोसिएशन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विवि के रजिस्ट्रार से मिलकर परीक्षा परिणाम शीघ्र घोषित करने की मांग की थी, मगर अब तक रिजल्ट नहीं आया है। चिकित्सा छात्रों के मुताबिक एमडी-एमएस की पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सा विशेषज्ञ ही सुपरस्पेशलिटी कोर्स यानी डीएम, एमसीएच और डीएनबी कोर्स के लिए पात्र होते हैं। पढ़ाई की शुरुआत करने के लिए उन्हें नीट एसएस का एग्जाम देना होता है। डाक्टरों का कहना है कि वर्ष 2021 बैच के विद्यार्थियों ने अपने अंतिम वर्ष का अंतिम थ्योरी एग्जाम 9 जनवरी को दिलाया था और उन्हें परिणाम घोषित किए जाने का इंतजार है। छात्रों का कहना है कि अगर रिजल्ट शीघ्र नहीं आता, तो प्रदेश के कई छात्र सुपर स्पेशलिटी कोर्स की प्रवेश परीक्षा से वंचित हो सकते हैं।

### सौर ऊर्जा को बढ़ावा, तकनीकी नवाचार से बिजली बचत- मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री साय ने कहा- नक्सल प्रभावित इलाकों में विद्युतीकरण को मिली नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश में निरंतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और नवीन तकनीकों के माध्यम से बिजली व्यय को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देकर, नवीनतम तकनीकों का उपयोग कर और उपभोक्ताओं को अधिक सुविधाएं देकर हम राज्य को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाएंगे। साथ ही, ग्रामीण व शहरी विद्युतीकरण के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाते हुए हर घर तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य पूरा करेंगे।

मुख्यमंत्री ने नियद नेल्लानार योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हुए व्यापक विद्युतीकरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित सभी गांवों को विद्युत सुविधा से जोड़ना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इससे ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने और उनके जीवन स्तर को सुधारने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत सुविधाओं से वंचित शेष क्षेत्रों को जल्द से जल्द रोशन किया जाए।

### उपभोक्ताओं को बिजली बिल भुगतान में राहत

मुख्यमंत्री श्री साय ने बिजली बिल के बकाया भुगतान को लेकर उपभोक्ताओं को विशेष राहत देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, बिजली बिल का समय पर भुगतान न होने से सरकार को राजस्व हानि होती है, वहीं उपभोक्ताओं को भी असुविधा का सामना करना पड़ता है, इसलिए बकाया बिल के एकमुश्त भुगतान की विशेष सुविधा दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को मोबाइल मैसेज और लिंक के माध्यम से उनके बिजली बिल की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। ताकि वे आसानी से ऑनलाइन भुगतान कर सकें।

### सौर ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने पर बल

उन्होंने सौर ऊर्जा के उपयोग को अधिकतम करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सौर ऊर्जा उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, जिसे घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक स्तर पर अपनाने के लिए नई योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाए और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़कर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा जाए।

# साव बोले- हमारे कार्यकर्ता पंचायत चुनावों में भी बड़ी संख्या में जीतेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय निकायों में ऐतिहासिक जीत को भाजपा की सकारात्मक जीत बताते हुए कहा, निकाय चुनावों में हम अपने कार्यों को लेकर जनता के बीच पहुंचे थे और जनता के साथ-साथ हमें भी अपने कार्यों पर पूरा भरोसा है और यही विश्वास भाजपा के पक्ष में सकारात्मक मतदान का आधार बना। भाजपा की प्रचण्ड जीत को ईवीएम की जीत बताना कांग्रेस द्वारा जनता और उनके जनादेश का अपमान है। अब पंचायत चुनाव में भी हमारे कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जीतेंगे। श्री साव ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा में कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, दिल्ली में कांग्रेस शून्य पर रही है, छत्तीसगढ़ के नगर निगमों में भी शून्य पर रही। कांग्रेस लगातार शून्य की ओर बढ़ रही है। श्री साव ने कहा, प्रदेश की जनता ने सभी 10 नगर निगमों में भाजपा को ऐतिहासिक बढ़त और अंतर के साथ जिताया है, 49 में से 35 नगरपालिकाओं और 114 नगर पंचायतों में से 81 नगर पंचायतों में भाजपा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। पिछले 13-14 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए वादों को तेजी से पूरा करने का काम किया। नगरीय निकाय क्षेत्रों में तेजी से लगातार विकास के काम किए। 7,500 करोड़ रुपए की राशि नगर निकायों को जारी की। हमारे कामों पर जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाई है।

### निकाय चुनाव में हमारा वोट प्रतिशत बढ़ा

श्री साव ने कहा, पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को 46 प्रतिशत से अधिक वोट मिले, लोकसभा चुनाव में 52 प्रतिशत से अधिक वोट मिले और अब नगरीय निकाय के चुनावों में भाजपा को 55.41 प्रतिशत वोट मिले है। लगातार भाजपा का जनाधार बढ़ता ही चला जा रहा है। श्री साव ने तीन चरणों में होने रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर कहा, गांवों में लोकतंत्र का उत्सवी वातावरण देखते ही बन रहा है। निश्चित रूप से पंचायतों का परिणाम भी भाजपा के अनुकूल रहेगा।

# राजिम कुंभ में पांच बिस्तरों का अस्थायी अस्पताल, छह दिन में 9 सौ का हुआ उपचार




मेले में न बिगड़े लोगों की तबीयत, इसलिए नियमित ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजिम में 12 फरवरी से शुरू हुए कुंभ मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्थायी अस्पताल बनाया गया है। पांच बेड के इस अस्थायी अस्पताल में छह दिन की ओपीडी में 9 सौ लोगों की जांच के बाद आवश्यक उपचार किया गया है। इसके साथ किसी भी तरह की इमरजेंसी से निपटने के लिए समीप के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भी अलर्ट पर रखा गया है।

राजिम में होने वाले मेला में बड़ी संख्या में भीड़ जुटती है, जिसे देखते हुए वहां व्यापाक इंतजाम किया जाता है। रायपुर के साथ गरियाबंद जिले के स्वास्थ्य विभाग की टीम भी वहां तैनात होकर आने वालों की सेहत का खयाल रखती है। रायपुर जिले द्वारा मेला स्थल पर अस्थायी अस्पताल बनाया गया है, जहां गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों को भर्ती कर प्राथमिक उपचार देने के लिए पांच बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। यहां नियमित रूप से ओपीडी का आयोजन भी किया जा रहा है। आने वाले मरीजों की जांच और उनकी परेशानी के मुताबिक दवाओं का वितरण भी किया जा रहा है। मेले में आने वाले किसी भी शख्स को स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर जांच के लिए वहां चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है। 12 फरवरी से 17 फरवरी तक हुई ओपीडी में यहां करीब नौ लोगों की जांच की गई। इस अस्थायी अस्पताल में आने वालों के बीपी-शुगर, शरीर दर्द, बुखार जैसी समस्याओं का निदान किया जा रहा है।

### व्यवस्था की गई

> राजिम मेले में आने वाले लोगों की स्वास्थ्यगत सुविधा का ध्यान रखते हुए वहां स्वास्थ्य केंद्र प्रारंभ किया गया है। नियमित ओपीडी लगाकर आने वालों की जांच की जा रही है। आपातकाल स्थिति के लिए भी इंतजाम किया गया है।
>
> - डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ रायपुर

# टीएस बोले- प्रदेश अध्यक्ष की जवाबदारी मिलती है तो तैयार हूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/बिलासपुर



पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का कहना है कि यदि पार्टी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद की उन्हें जवाबदारी देती है, तो वे उसके लिए तैयार हैं। नगरीय निकाय में कांग्रेस की पराजय पर उनका कहना है कि इन चुनावों में स्थानीय परिस्थितियां हावी होती हैं और ज्यादातर चुनाव में उम्मीदवारों का योगदान होता है।

श्री सिंहदेव सोमवार को बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेष पांडेय के निवास पहुंचे थे। इस दौरान पीसीसी अध्यक्ष बनने को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने बेबाकी से जवाब दिया। कांग्रेस पार्टी में बदलाव के प्रश्न पर उनका कहना था कि आल इंडिया कांग्रेस कमेटी स्तर पर पूरे देश में बदलाव चल रहा है। चुनावी नतीजों के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष बदले जाने की चर्चा है। दीपक बैज की जगह टीएस सिंहदेव पीसीसी अध्यक्ष बनाए जा सकते हैं, लेकिन पार्टी के बड़े नेता इस बारे में सीधे कुछ भी कहने से बच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद प्रदेश संगठन में बदलाव की चर्चा जोरों पर है। वहीं प्रदेश संगठन के नेताओं के बीच समन्वय की कमी और गुटबाजी को हार का प्रमुख कारण बताया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं के बीच इसकी चर्चा है।

### प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति का अधिकार हाईकमान को : भूपेश



*रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान जब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इस बारे में पूछा गया, तब उन्होंने कहा, प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बारे में कोई भी टिप्पणी करने का अधिकार केवल पार्टी हाईकमान को है। उन्होंने कहा, संगठन में प्रदेश स्तर की नियुक्तियों पर फैसला हाईकमान लेगा। ना हम इस मामले में बात करते और ना ही इसके लिए अधिकृत हैं। उन्होंने कहा, ये हाईकमान का विशेषाधिकार है। अगर हमें इस बारे में किसी भी तरह की सलाह या टिप्पणी करने के लिए कहा जाता है, तो हम अपनी राय जरूर देंगे।*

## डहरिया ने कहा- निकाय चुनाव में हार की होगी समीक्षा



पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कहा, नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी की हार की पंचायत चुनाव के बाद कांग्रेस इसकी समीक्षा करेगी। उन्होंने कहा, हार की जिम्मेदारी हम सबकी है। बीजेपी ने सरकारी मशीनरियों का दुरुपयोग भी किया है। हार की जिम्मेदारी सामुदायिक नेतृत्व की है। हार के बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष के इस्तीफा की मांग पर उन्होंने कहा, चुनाव हारने के बाद इस तरह की बातें आती हैं। नगरीय निकाय चुनाव में परिणाम सत्ता के पक्ष में जाता है। भाजपा ने सत्ता का दुरुपयोग किया। डराने धमकाने का काम किया। शराब और पैसे खुलकर बांटे गए। भाजपा का प्रत्याशी खुलेआम नोट बांटते हुए पकड़ा गया।

### पंचायत चुनाव में कांग्रेस की स्थिति अच्छी रहेगी

भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए क्या रणनीति होगी? इस पर पूर्व मंत्री शिव कुमार डहरिया ने कहा, हार की समीक्षा होगी। हाई कमान भी इस पर ध्यान दे रहा है। पंचायत चुनाव को लेकर उन्होंने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में पहले चरण का मतदान हो रहा है। नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया, इस तरह के हथकंडे इस चुनाव में भी अपनाए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत के चुनाव में कांग्रेस की स्थिति अच्छी रहेगी। हमारे बहुत से प्रत्याशी जीतेंगे।

### कांग्रेस में अपनी बात रखने की स्वतंत्रता

नगरीय निकाय चुनाव में हार के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर भड़ास निकाल रहे और जिम्मेदार जिलाध्यक्षों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले में पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कहा, हमारी पार्टी में इतनी स्वतंत्रता है कि कार्यकर्ता अपनी बात रख सकते हैं। आने वाले समय में समीक्षा बैठक होगी। सभी पर खुलकर चर्चा होगी और उस पर कुछ ना कुछ निष्कर्ष सामने आएगा।

### 30 फीसदी बोनस आधार पर इन-सर्विस उम्मीदवार को मिली थी सिम्स की सीट

# एमडी-एमएस प्रवेश के स्ट्रे राउंड पर स्टे, बोनस अंक पर उपजा विवाद हाईकोर्ट पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मेडिकल कालेजों की पीजी सीटों पर एडमिशन में नियम की अनदेखी करने का एक और मामला हाईकोर्ट पहुंच गया है। इन-सर्विस उम्मीदवार को गलत तरीके से 30 फीसदी बोनस देने के मामले में आज से शुरू होने वाले स्ट्रे वैकेंसी राउंड पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। उम्मीदवार को इससे बिलासपुर सिम्स की सीट आवंटित हो गई थी। कोर्ट के आदेश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सोमवार से शुरू होने वाली संस्था चयन की प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है।

प्रदेश के शासकीय और निजी मेडिकल कालेज में एमडी-एमएस की सीटों पर प्रवेश की काउंसिलिंग प्रक्रिया पिछले चार माह से चल रही है। प्रवेश अथवा नियम के पालन में आने वाले कमियों की वजह से यह डिले होता चला आ रहा है। चिकित्सा शिक्षा विभाग मॉपअप राउंड पूरा करने के बाद स्ट्रे राउंड की संस्था चयन प्रक्रिया के साथ सोमवार से शुरुआत करने वाला था, जिस पर हाईकोर्ट की रोक लग गई है। कुछ विद्यार्थियों ने बिलासपुर शासकीय कालेज में त्वचा रोग विभाग की सीट प्राप्त करने वाले भावेश पटेल के 30 फीसदी बोनस अंक को न्यायालय में चुनौती दी थी। शिकायत की गई थी कि बोनस अंक देने के लिए नियम की अनदेखी हुई है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश द्वारा याचिका पर सुनवाई के बाद काउंसिलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने का आदेश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 25 फरवरी को की जाएगी। न्यायालय के इस आदेश के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने सोमवार से खाली सीटों पर प्रवेश के लिए स्ट्रे राउंड के दौर में सोमवार से शुरू होने वाली च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है।

### तो अगले वर्ष नीट परीक्षा से वंचित

स्ट्रे राउंड में आवंटित सीट पर प्रवेश नहीं लेने वाले अभ्यर्थियों पर एमसीसी द्वारा अधिक सख्ती बरतने का आदेश जारी किया गया है। 14 फरवरी को जारी पत्र के अनुसार प्रवेश नहीं लेने वाले उम्मीदवारों की पंजीयन राशि तो जब्त की ही जाएगी, इसके अलावा उन्हें अगले साल होने वाली नीट पीजी की परीक्षा से भी वंचित कर दिया जाएगा। यह मामला अक्सर सामने आता है कि पसंदीदा सीटें नहीं मिलने पर उम्मीदवार एडमिशन नहीं लेते।

### पहली बार स्वयं सुधार ली थी गलती

बोनस अंक के आवंटन में बरती गई कोताही का यह दूसरा मामला है। पहली बार स्वास्थ्य केंद्र में सेवा देने वाले चिकित्सा अधिकारी डा. यश को तीस प्रतिशत बोनस अंक देने पर सवाल खड़ा किया गया था। उसे उस 30 प्रतिशत अंक की वजह से जेएन कालेज में सीट मिल गई थी। शिकायतों के बाद मामले की जांच हुई और स्वास्थ्य संचालनालय से मिलने वाले पत्र के बाद सुधार करते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा दूसरी आवंटन सूची जारी की गई थी। इस बार आला अधिकारियों द्वारा शिकायत पर ध्यान नहीं देने से मामला उच्च न्यायालय तक पहुंच गया।




### मां बंजारी स्कूल परिसर में विशेष शिविर 22 तक

**रायपुर।** शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 16 फरवरी से रावांभाठा स्थित मां बंजारी स्कूल परिसर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 22 फरवरी तक चलेगा, जिसमें विभिन्न सामाजिक और विकासात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। शिविर में महाविद्यालय के 25 विद्यार्थी स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कविता कोसरिया, महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक अनुराधा साहू और डॉ. मनोज कुमार शर्मा की उपस्थिति में किया गया। इसी दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ कविता कोसरिया ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास, स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता, नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण तथा तकनीकी साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करना है।

## खबर संक्षेप



### 30 पौवा शराब जब्त एक अधेड़ गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** नेवरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक अधेड़ व्यक्ति बगदई मंदिर के आगे ग्राम सरोरा रोड नहर पुलिया के पास एक मटमैला कलर का पीठू बैग में अवैध रूप से बिक्री करने शराब रखा है। पुलिस ने पहुंचकर आरोपी कुमार निर्मलकर उम्र 55 वर्ष ग्राम सरोरा निवासी के कब्जे से 30 पौवा देशी मसाला शराब व बिक्री रकम 250 रुपए अवैध रूप से रखकर बिक्री करते पाये जाने पर आरोपी को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। उक्त कार्रवाई निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा के निर्देशन में प्रधान आरक्षक जालम साहू तथा पेट्रोलिंग स्टाफ के द्वारा किया गया है।

### आरंग में हरे माधव सत्संग 19 को

**आरंग।** रायपुर तथा पूज्य सिंधी पंचायत आरंग के तत्वाधान में 19 फरवरी को हरे माधव सत्संग का आयोजन मंगल भवन श्याम बाजार आरंग में किया गया है। हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी शाखा के सेवा में आयोजित यह सत्संग शाम 06:00 बजे से 07:30 बजे तक होगा। आयोजक समिति द्वारा सत्संग के बाद भंडारा प्रसादी का वितरण किया जायेगा।

## देह व्यापार मामले में मास्टर माइंड व दो महिला दलाल सहित अब तक 17 गिरफ्तार

# देह व्यापार का मास्टर माइंड कोलकाता से गिरफ्तार, लोकेंटो एप से तय कराते थे फोटो व रेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड पर एक्सीडेंट करने के बाद नशे की हालत में विदेशी युवती ने हंगामा किया था। इस घटना के बाद पुलिस ने जब घटना की जांच की, तो इसमें देह व्यापार के बड़े गिरोह का खुलासा हुआ।

इस गिरोह में संलिप्त लोग अलग-अलग राज्यों के साथ विदेशी युवतियों को बुकिंग पर रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भेजा करते थे। पुलिस एक्सीडेंट करने वाली विदेशी युवती और अधिवक्ता भावेश आचार्य से पूछताछ और उनके मोबाइल से मिले सुराग के आधार पर रायपुर के साथ कवर्धा, अम्बिकापुर, महासमुंद, जगदलपुर एवं भिलाई आदि शहरों से भी इस व्यापार में संलिप्त लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, वहीं अब इस गिरोह के मास्टर माइंड जुगल कुमार राय को भी परगना पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया है। इस तरह अब तक इस गिरोह में शामिल मास्टर माइंड और दो महिला दलाल सहित 17 लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

### इस तरह हुआ गिरोह का पर्दाफाश, 27 हजार में विदेशी युवती की बुकिंग

तेलीबांधा पुलिस ने एक्सीडेंट करने के मामले में उज्बेकिस्तान की युवती के साथ भावेश आचार्य निवासी महावीर नगर को गिरफ्तार किया था। इन दोनों से पूछताछ के बाद पता चला कि विदेशी युवती देह व्यापार में संलिप्त है तथा बुकिंग पर रायपुर आई हुई है। युवती ने यह भी बताया था कि वह जुगल के बुलाये जाने पर देह व्यापार के लिए मुंबई से रायपुर आई थी। यहां वह एक होटल में रुकी थी। भावेश आचार्य ने भी पूछताछ में बताया कि वह जुगल से मोबाइल पर संपर्क कर विदेशी युवती की बुकिंग कराकर रायपुर बुलाया था। भावेश ने बुकिंग के एवज में जुगल को 27 हजार रुपए का भुगतान भी किया था। इसके बाद पुलिस ने रायपुर सहित अन्य कई शहरों में छापेमारी कर अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था।



### इन धाराओं के तहत अपराध दर्ज

पुलिस ने इस गिरोह में संलिप्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### एप के माध्यम से ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाता था युवतियां

एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने देह व्यापार से जुड़े मामले में सोमवार को एक और खुलासा किया है। इस गिरोह के मास्टर माइंड जुगल कुमार को लोकेशन के आधार पर परगना पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। जुगल वैसे तो मूलतः पश्चिम बंगाल का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में वह अशोक नगर ट्रांसफार्मर के पास गुढ़ियारी में रहता था। पुलिस की कार्रवाई के बाद वह फरार हो गया था। पूछताछ में जुगल ने पुलिस को बताया है कि वह विदेशी सहित अलग- अलग राज्यों से युवतियों को रायपुर बुलाकर अपने नेटवर्क के माध्यम से ग्राहकों को उपलब्ध कराता था। इस गिरोह में जुगल की पत्नी भी शामिल थी। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार किया है। इसके अलावा मयंक हरपाल, मोह. शबीर, मनोरंजन बारिक, ऋषभ शर्मा तथा अन्य एक महिला से पूछताछ पर पता चला है कि सभी लोग लोकेंटो एप के माध्यम से ग्राहकों को युवतियों का फोटो और रेट उपलब्ध कराया करते थे।

### इन लोगों की पहले ही हो चुकी है गिरफ्तारी

पुलिस ने गिरोह में शामिल रवि ठाकरे निवासी आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द, जागेंद्र उके उर्फ मोहन निवासी हनुमान नगर पहाड़ीपारा गुढ़ियारी, बृजेश साहा निवासी कमल विहार सेक्टर7 टिकरापारा रायपुर, मोह. साजिद निवासी मोतीनगर संतोषी नगर रायपुर, दिनेश लिलवानी निवासी देवपुरी कुर्सी फैक्ट्री के बगल कृष्णा पुरी रायपुर, शेख इमरान निवासी संजय नगर रायपुर, अमित सोनी निवासी पुरानी बस्ती सोनारपारा रायपुर, रमेन्द्र पाठक निवासी रायपुरा सत्यम विहार डीडीनगर रायपुर, शेख नूरूल हक निवासी चौरसिया कालोनी मस्जिद के पास टिकरापारा रायपुर, दुर्गेश पनागर निवासी रविदास नगर पीजी कॉलेज के पीछे सिटी कोतवाली कवर्धा, मयंक हरपाल निवासी जगरनाथ एनक्लेव सांई मंदिर के पास महावीर नगर रायपुर, मोह. शबीर पिता कुदरतउल्ला खान उर्फ विक्की बादशाहनिवासी प्रगति विहार गुडलक फैक्ट्री के पीछे संतोषी नगर टिकरापारा रायपुर, मनोरंजन बारिक निवासी सेक्टर 01 कौशल्या अपार्टमेंट फ्लैट नंबर 302 कमल विहार टिकरापारा रायपुर, ऋषभ शर्मा निवासी विशाल नगर तेलीबांधा तथा दो महिला दलाल को गिरफ्तार किया है।

## ग्रामों में चुनाव को लेकर दिखा गजब का उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

■ घंटों लाइनों में लगकर किए मतदान

अंचल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के लिए प्रत्याशियों का चुनाव हुआ। सोमवार को ग्रामीण अंचलों में सुबह 7 बजे से ही चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गया। वहीं लोगों में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा गया।

लोग घंटों लाइनों में खड़े होकर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। खासकर अधिकतर ग्रामों में पंच और सरपंच प्रत्याशियों को लेकर प्रातः से ही गहमागहमी होती रही। पंच और सरपंच प्रत्याशियों में सीधे टक्कर आकर्षण और कौतूहल का केंद्र बना रहा। प्रशासन भी चुनाव को लेकर मुस्तैद रहा। मतदान संबंधी सभी तैयारियां समय पर पूर्ण कर ली गई।

चुनाव परिणाम के लिए लोगों में काफी उत्सुकता बनी रही। मतदान पश्चात मतदान केंद्रो में ही मतदान दलों द्वारा गणना कर प्रत्याशियों को मतों की संख्या बताई गई। विजित प्रत्याशियों का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। वही प्रत्याशियों ने ग्राम में भव्य रूप से बाजे-गाजे के साथ जूलूस निकालकर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## सरपंच प्रत्याशी के पति को शराब के साथ ग्रामीणों ने पकड़ा



**आरंग।** आरंग विधानसभा क्षेत्र में पंचायत चुनाव में जीत के लिए शराब बांटने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने देर रात सरपंच प्रत्याशी के पति डोमन निषाद और बालाराम निषाद को 2 पेटी अवैध शराब के साथ पकड़ा, ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक पंचायत चुनाव के मतदान से पहले कुरुद ग्राम में रसौटा सरपंच प्रत्याशी के पति डोमन साहू शराब बांटने के लिए लाया था। ग्रामीणों ने आरोपी डोमन निषाद और बालाराम निषाद को पकड़ा। दोनों जिस कार से आए थे उसमें 2 पेटी अवैध शराब रखी हुई थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद स्थिति पर काबू पाया। जिसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों को लेकर थाने पहुंची। जहां आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## चरौदा के नाचा कलाकारों ने राजिम कुंभ में दी प्रस्तुति

**आरंग।** अंचल के ग्राम चरौदा के भुईयां के गोठ नाचा पार्टी के कलाकारों ने राजिम कुंभ में प्रथम दिवस ही प्रस्तुति दी। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। भुईया के गोठ नाचा पार्टी के मैनेजर राजकुमार यादव ने बताया विगत तीन चार वर्षों से इनकी नाचा पार्टी को संस्कृति विभाग द्वारा राजिम कुंभ में



प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने बताया विलुप्त हो रही नाचा विधा को राजिम कुंभ में प्रस्तुति से कलाकारों में हर्ष की लहर है। वही पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने राजिम कुंभ में नाचा कलाकारों की प्रस्तुति पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दिए हैं।

## 100 मीटर की दौड़ में किरना की ईश्वरी प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

■ अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा मिलन संगी तिहार का किया गया आयोजन

अल्ट्राटेक कम्युनिटी वेलफेयर फाउंडेशन बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के तहत सीएसआर डिपार्टमेंट की मिलन संगी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। मंत्रमुग्ध कर देने वाले लोकनृत्य और मनोरम भाषण से लेकर रोमांचकारी खेलों तक का यह सफर गांव की महिलाओं के लिए यादगार साबित हुआ। कार्यक्रम में कबड्डी खो-खो, रस्साकसी, बोरा दौड़, लिम्बू चमचा के साथ 100 मीटर की दौड़ जैसे एकल खेल एवं सामूहिक खेल स्पर्धाओं को सम्मिलित किया गया। इस खेल स्पर्धा में खरोरा, कुंदरु, जलसों, नकटी, टंडवा, तुलसी नेवरा, किरना एवं बहेसर गांव की महिलाओं ने भाग लिया। मिलन संगी तिहार खेल प्रतियोगिता में एकल स्पर्धा 100 मीटर दौड़ में किरना ग्राम से ईश्वरी यादव प्रथम स्थान पर रही। द्वितीय स्थान जलसो ग्राम से वीणा धीवर और तृतीय स्थान तुलसी नेवरा ग्राम से सरोजिनी वर्मा ने हासिल की है। लिम्बू चमचा में बहेसर ग्राम से कौशल्या वर्मा प्रथम बाजी मारी, द्वितीय स्थान पर खरोरा से किरण कोसले, तृतीय स्थान पर ग्राम तुलसी से वीणा केवट रही। जीते हुए प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा नगद राशि पुरस्कार के रूप में दिया गया। यह स्पर्धा अपने आप में काफी अद्भुत और रोमांचकारी रही, क्योंकि इसमें सिर्फ गांव की विवाहित महिलाओं को प्राथमिकता दी गई।

### टॉस के बाद कबड्डी और खो-खो का हुआ शुभारंभ



इस कार्यक्रम का आयोजन देबाशिष राय चौधरी फंक्शन हेड एचआर की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में कराया गया। कार्यक्रम के में मुख्य अतिथि के रूप में शिव संतरा सीएसआर हेड उपस्थित थे। विनोद श्रीवास्तव क्लस्टर हेड सीएसआर रावण सीमेंट, वैभव त्रिपाठी सीएसआर प्रमुख हिरमी सीमेंट दीपांकर खूंटिया स्टेट हेड शाही संस्था, आनंद भारद्वाज छत्तीसगढ़ स्टेट ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान आदि मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। साथ ही अशोक कुमार सिन्हा फंक्शन हेड माइंस, सुनंदा बासु फंक्शन हेड फाईनान्स, उदय शंकर लाल एचओडी पर्सनल एडमिन और अजीत कुमार एचओडी आईटी डिपार्टमेंट, पवन कुमार ढोणे परचेस डिपार्टमेंट, कुलदीप साहू एचओडी सिविल डिपार्टमेंट, वीरेंद्र कुमार मिश्रा स्ट्रेटजी एंड मैनेजमेंट, शिखा राठी एचओडी एचआर के साथ अपरूपा राय चौधरी अध्यक्ष स्वयं सिद्धा लेडीज क्लब बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के साथ एग्जीक्यूटिव मेंबर सिन्हा मैडम और अतुला बासु इनकी विशेष तौर पर उपस्थित थी। इस कार्यक्रम का उद्घाटन शिव संतरा ने ध्वजारोहण तथा मशाल जलाकर किया गया। उसके बाद उपस्थित नारी शक्ति स्वरूपा अपरूपा राय चौधरी, सिन्हा मैडम और शिखा राठी ने सभी टीमों से मिलकर उनकी हौसला औपजाही के साथ कबड्डी और खो-खो मैच के लिए टॉस के बाद इन खेल स्पर्धाओं के संपूर्ण संचालन की जिम्मेदारी गोपाल प्रसाद शर्मा प्राचार्य सीजी बोर्ड स्कूल बैकुंठ इन्होंने संभाली बतौर रेफरी के तौर पर एसवाय कुरैशी, मीना रॉय, आशिष शुक्ला, अतुल मोहरे आदि ने उनका साथ दिया ।

## पढ़ाई-लिखाई में एकाग्रता आवश्यक तभी परिणाम अनुकूल होंगे : पुष्पराज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

■ सशिमं नेवरा में 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई दी

नेवरा सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में कक्षा द्वादश के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विदाई समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुष्पराज वर्मा, फाउंडर मेम्बर दिलीप शर्मा, कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा, सदस्य कृष्ण कुमार सोनी, अजय शर्मा, प्राचार्य वासुदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य राजकुमार ताती, विदेशी राम साहू, उर्मिला कश्यप ने मां भारती, मां सरस्वती एवं ओमकार के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथियों का विद्यालय के भैया बहनों द्वारा तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पुष्पराज वर्मा ने कहा कि आप जितना पढ़ें पूरे एकाग्रता के साथ पढ़े, ताकि परिणाम भी आपके अनुकूल आए। उन्होंने कहा सभी भैया-बहन अपना चरित्र सबसे अच्छा रखें। विद्यार्थी के लिए उसका चरित्र सबसे अधिक महत्व रखता है। सभी भैया बहन एकादश के बाद द्वादश में जाएंगे और द्वादश के भैया बहन अन्य महाविद्यालय में प्रवेश लेंगे। यह परिवर्तन बहुत आवश्यक है। इस परिवर्तन को खुशी-खुशी स्वीकार करना चाहिए, किसी टेंशन या प्रेशर के साथ नहीं।

### जीवन में सदैव आगे बढ़े, प्रगति करें

प्राचार्य वासुदेव साहू ने कहा की यह विदाई समारोह नहीं, बल्कि आशीर्वाद समारोह है। सभी भैया-बहन यहां से निकलकर महाविद्यालयो में जाने वाले हैं। आपसे हमारी यही अपेक्षा है कि आप जहां भी जाए आपके व्यवहार में सरस्वती शिशु मंदिर के संस्कार दिखें। आपकी बातें, आपका व्यवहार आपको सभी से अलग और विशेष बनाएं, साथ ही आप अपने जीवन में सदैव आगे बढ़े, प्रगति करें, नई ऊंचाइयों पर जाए। यही हमारा आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं हैं। उर्मिला कश्यप ने अपने उद्बोधन के माध्यम से सभी भैया-बहनो को आशीर्वाद प्रदान किया। विदेशी राम साहू ने जीवन मे आने वाली कठिनाईयो का सामना करते हुए आगे बढने की शुभकामनायें दी। राजकुमार ताती ने गीत के माध्यम से भैया बहनों की भावनाओं को व्यक्त किया। विद्यालय के तरूण भारती अध्यक्ष भैया दीपेंद्र साहू ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब विद्यालय पहली बार आए थे तब रोते हुए आए थे, और जब जाएंगे तब भी रोते हुए जाएंगे। यह हमारे दीदी आचार्यो का प्यार और आशीर्वाद है जो हमारे आंसुओं से प्रदर्शित हो रहा है। कक्षा द्वादश की बहन सेविका साहू, बहन चंचल साहू, भैया लक्ष्य वर्मा, बहन साक्षी ने अपना अनुभव साझा करते हुए सभी आचार्य दीदीयों का धन्यवाद ज्ञापित किया। भैया बहनों को खेल भी खिलाएं गए एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालय में बीताए हुए समय की कुछ झलकियां दिखाई गई। एकादश के भैया बहनों द्वारा द्वादश के भैया बहनों को भेंट प्रदान की गई। द्वादश के भैया बहनो द्वारा विद्यालय को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## पेज 11 के शेष...

### रायपुर-जगदलपुर में...

नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने वाला है जम्मू-कश्मीर से गुजरने वाले इस विक्षोभ का प्रभाव बहुत अधिक होने की संभावना नहीं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फरवरी के महीने में मौसम उतार-चढ़ाव वाला रहेगा इसकी वजह रात में बहुत अधिक गर्मी पड़ने की संभावना अभी नहीं है।

### खम्हारडीह थाना...

लंबा रेला लग रहा है, जिसके कारण रेड से ग्रीन सिग्नल दो से तीन बार होने के बाद कई गाड़ी रोड क्रास कर पा रही हैं। इस तरह लगभग 8 से 12 मिनट तक गाड़ियां सिग्नल के कारण फंस रही हैं। हालांकि इससे पूर्व भी यहां जाम की स्थिति बनती थी, लेकिन उस समय गाड़ियां कुछ मिनटों में रोड क्रास कर लेती थीं।

### सड़क पर जन्मदिन का...

काटने वालों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया था। जयस्तंभ चौक पर रविवार रात को विनोद कश्यप ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपना जन्मदिन मनाया। बताया जा रहा है कि विनोद और उसके साथी पहले जन्मदिन मनाने के लिए जयस्तंभ चौक पहुंचे थे। यहां पुलिस ने जब उन्हें केक काटने के लिए मना किया, तो वे सुंदर नगर चौक पहुंचे, जहां बीच सड़क पर स्कूटी पर केक रखकर विनोद से कटवाया गया। इस दौरान उसके साथियों ने आतिशबाजी करते हुए जमकर हुल्लड़ भी किया। इस सेलीब्रेट करने के दौरान युवकों की अन्य दोपहिया गाड़ी के साथ कार भी सड़क पर पार्क मिली, जिसके कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था। पुलिस ने इस मामले में विनोद सहित उसके अन्य 9 साथियों के विरुद्ध धारा 126-2, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है। **केक काटने में ये रहे शामिल :** विनोद कश्यप, फरदीन खोखर निवासी ईदगाह भाठा, वैभव पांडेय निवासी तेलीपारा फुलचौक, पीयुष राजपूत निवासी देवनगरी महादेव घाट, नितेश पांडेय निवासी श्रीराम नगर चंगोराभाठा, मुनेश गौतम निवासी गोकुल धाम सोसायटी रायपुर, यश कोसले निवासी पटेलपारा कुशालपुर, अभिषेक ठाकुर निवासी कबीर नगर रायपुर, विकास जैन निवासी विप्र नगर रायपुरा तथा आयूष साहू 21 वर्ष निवासी टीचर कॉलोनी कोटा शामिल है। **हाईकोर्ट भी इस मामले में सख्त :** उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट भी रायपुरा चौक पर पिछले महीने बीच सड़क पर केक काटकर हुल्लड़ व आतिशबाजी कर आवागमन को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध सख्ती कार्रवाई करने के निर्देश दे चुका है। इस घटना का विडियो भी वायरल हुआ था, लेकिन पुलिस ने इस मामले में सिर्फ 3 सौ रुपए का चालान काटने की कार्रवाई की थी, जिसे लेकर हाईकोर्ट ने जमकर नाराजगी जताई थी। हाईकोर्ट की नाराजगी के बाद पुलिस ने केक काटने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की। **इस तरह के मामले लगातार सामने आ रहे :** सड़क व सार्वजनिक जगहों पर केक काटकर सेलीब्रेट मनाने के इससे पहले भी कई मामले सामने आ चुके हैं। रायपुर में देर रात सड़क पर खड़े होकर तलवार से केक काटने का वीडियो जमकर वायरल हुआ था। इसमें एक युवक के हाथ में तलवार थी। युवक अपने दोस्तों के कंधे पर बैठकर हवा में तलवार लहराता रहा। इस तरह के मामले में अब पुलिस नजर रखे हुए है। पुलिस प्रशासन ने ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।


प्रथम पुण्यतिथि



जन्म 24.03.1949
स्वर्गवास 18.02.2024

स्व. श्री बालकिशन राठी

पूजनीय पापा जी आप की मधुर स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद हमारे लिये प्रेरणा स्त्रोत रहेगें।

आत्मीय स्वजन

स्व. श्री बालकिशन राठी जी की प्रथम पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन...

श्रद्धानवत्

श्रीमती सुशीला राठी (पत्नी), संदीप राठी (पुत्र)
गिरीश राठी (पुत्र), अंजु जैन (पुत्री) एवं समस्त राठी परिवार



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार प्रदीप कुमार चन्द्राकर पिता स्व. नैनसिंह चन्द्राकर निवासी सुमन कालोनी वार्ड नं.-17, बैहार (आरंग ) तहसील - आरंग जिला - रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेतागण (1) जितेन्द्र साहू (2) धर्मेन्द्र कुमार साहू दोनो पिता स्व. केशव साहू दोनो निवासी ग्राम व पो.आ.- रसनी तहसील आरंग जिला - रायपुर छ.ग. के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम घुमराभाठा प.ह.नं. - 28 रा.नि.मं. व तहसील - आरंग जिला - रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ऋण पुस्तिका क्रमांक पी 3607778/ बी-1 के अनुसार खसरा नंबर - 14/1, 15, 20/1, 20/2 का रकबा क्रमशः - 0.110, 0.120, 0.040, 0.040 हे. अर्थात कुल खसरा -04 कुल रकबा 0.310 हे. को क्रय करने हेतु बिक्री अनुबंध पत्र सह - रसीदी चिट्ठी निष्पादित कर ब्याना राशि अदा कर दिया है रजिस्ट्री बैनामा पंजीयन शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, बीमा, निगम शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार की दावा, आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे समक्ष मय सुसंगत दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा, आपत्ति शून्य व अवैध समझी जावेगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा तथा मेरे पक्षकार के पक्ष मे विक्रय बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जाने ।

स्थान : आरंग जिला - रायपुर (छ. ग.)
दिनांक : 17.02.2025

अनिल कुमार तम्बोली (अधिवक्ता)
आफिस / निवास - श्याम बाजार आरंग
जिला - रायपुर छ.ग.
मो. नं. - 99775-44466



HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

अब नई जगह ओम डेन्टल हॉस्पिटल
Now We Are Certified INVISALIGN Provider
अपने वेलेंटाईन को दे दुनिया की बेस्ट स्माईल का उपहार
HAPPY Valentine's DAY
15th Feb INVISALIGN Open Day
INVISALIGN One of the leading clear aligner in world
Free Scans | Free Dental Checkup | Free Dental Scaling
117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040

जीवन ज्योति होम्योपैथी क्लीनिक
रोग निदान — 17 वर्षों से आपके सेवा में
• महिला संबंधी रोग : अनियमित मासिक धर्म, पी.सी.ओ.डी.
• अस्थि रोग : अर्थाइटिस, सायटिका फ्रोजन सोल्डर, स्पॉडिलाइटिस
• पुरूष संबंधित रोग : कमजोरी, हाइड्रोसील, नाक, कान, गला व श्वास संबंधित रोग
• चर्म रोग : एक्जीमा, सोरिएसिस, सफेद दाग, शरीर में गठान, मस्से, झाइ
• पाचन संबंधी रोग : एसीडिटी, अल्सर, बवासीर, कब्ज
• किडनी एवं हृदय रोग : पथरी, यूरीन इंफेक्शन, बीपी
• शिशु रोग : सर्दी, खांसी, बुखार
• स्नायू (वर्च) रोग : मिर्गी, माइग्रेन, पैरालाईसीस
• केश रोग : बालो का झड़ना, रूसी, एलोपेसिया,
सुगर, थाईराइड, मोटापा, मानसिक रोग, तनाव, चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन, नींद की बिमारी
डॉ. रंजीता जायसवाल
BHMS. (BHOPAL)
Ex. RMO Maharana Pratap Homoeopathic College & Hospital Raipur (C.G)
अपॉइंटमेंट हेतु कॉल करें
84351-99964

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भनपुरी ओवरहेड टैंक की सील्ट सफाई

रायपुर। नगर निगम के जल कार्य विभाग द्वारा भनपुरी के 3200 किलो लीटर क्षमता के ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई का कार्य करवाया गया। सोमवार को सुबह की नियमित जल आपूर्ति करने के बाद ओवर हेड टैंक की सफाई के साथ-साथ कैमिकल ट्रीटमेंट कराया गया। नगर निगम से अनुबंधित सतगुरु एजेंसी और सेफ क्लीन एजेंसी को ओवर हेड टैंक की सफाई का जिम्मा दिया गया है। भनपुरी पानी टंकी की सफाई का कार्य सुबह 9 बजे से शुरू हुआ, जो दोपहर 2 बजे तक पूरा कर लिया गया। 18 फरवरी को गोगांव क्षेत्र में स्थापित 3200 किलो लीटर क्षमता वाली पानी टंकी की सफाई करवाई जायेगी। यह कार्य संबंधित क्षेत्र में सुबह की नियमित जलापूर्ति के बाद प्रारंभ किया जावेगा।

### 'परीक्षा में सफलता' बच्चों के लिए की विशेष प्रार्थना



रायपुर। राजधानी में सेंट पॉल्स कैथेड्रल में स्कूली परीक्षाओं में सफलता के लिए बच्चों के लिए विशेष प्रार्थना की गई। इस मौके पर ईएलसी के बिशप द राइट रेवरेंड एसके सुक्का, प्रेसबिटर इंचार्ज पादरी सुनील कुमार, पादरी सुशील मसीह, डीकन मनशीश केजू व जीवन मसीह तथा सेवक ऐश्वर्य लिविंग्स्टन ने दुआ मांगी। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया और बच्चों को पढ़ाई में मेहनत कर सफलता पाने के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

### पुष्पा मिश्रा को पीएचडी



रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा पुष्पा मिश्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने हबीब तनवीर के विशेष संदर्भ में छत्तीसगढ़ में समकालीन लोक रंगमंच की वास्तुकला विषय पर अपना शोध पूर्ण किया। डॉ.सुनयना मिश्रा के मार्गदर्शन में उन्होंने अपना शोधकार्य पूर्ण किया है। वे रविवि अध्ययनशाला के प्राध्यापक डॉ.नितेश मिश्रा की पत्नी हैं।

## निधन

### गोपी बाई धारीवाल



रायपुर। विवेकानंद नगर निवासी गोपी बाई धारीवाल का 17 फरवरी को निधन हो गया। वे राजेंद्र कुमार सुराणा की सास व राहुल और श्रेयांस की नानी थीं।

### अंजू जैन



रायपुर। बलौदाबाजार की पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अंजू जैन का 16 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बलौदाबाजार में किया गया। वे नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष अशोक जैन की धर्मपत्नी तथा अक्षय जैन की माता थीं।

# छग की उत्तरपुस्तिकाएं पेपर खत्म होने के 3 घंटे के भीतर भुवनेश्वर भेजनी होंगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

सीबीएसई राजधानी के छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए जिले के बाहर भेजेगा। जबकि माध्यमिक शिक्षा मंडल राजधानी रायपुर में दो मूल्यांकन केंद्र बनाएगा। सीबीएसई की परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी है, जबकि मंडल के पर्चे एक मार्च से शुरू हो रहे हैं। परीक्षाएं समाप्त होने का इंतजार किए बगैर ही दोनों बोर्ड उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रारंभ कर देंगे। सीबीएसई ने रायपुर के आधा दर्जन से अधिक निजी स्कूलों का चयन मूल्यांकन केंद्र के रूप में किया है। इनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, ज्ञान गंगा, महर्षि विद्यालय, होलीक्रॉस तथा केंद्रीय विद्यालय शामिल हैं। वहीं माध्यमिक शिक्षा मंडल प्रतिवर्ष की भांति जेएन पांडे विद्यालय और दानी गर्ल्स स्कूल में उत्तरपुस्तिकाओं की जांच करवाएगा। सीबीएसई राजधानी रायपुर में मूल्यांकन केंद्र तो निर्मित कर रहा है, लेकिन रायपुर के छात्रों की कॉपियां यहां नहीं जांची जाएंगी। सीबीएसई की परीक्षाओं का समय सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक निर्धारित है। परीक्षाएं समाप्त होने के 3 घंटे 30 मिनट अर्थात 5 बजने के पूर्व तक स्कूलों को छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं भुवनेश्वर पोस्ट करनी होगी। डाक के जरिए ये उत्तरपुस्तिकाएं भेजी जा रही हैं।

- सीबीएसई की परीक्षाएं शुरू, माशिम के पर्चे अगले सप्ताह से
- परीक्षाएं समाप्त होने के पूर्व ही प्रारंभ कर दी जाएगी उत्तरपुस्तिकाएं जांचने की प्रक्रिया




### बोर्ड अपने परिवहन साधन करेगा प्रयोग

रायपुर सहित प्रदेश के सीबीएसई स्कूल भुवनेश्वर रीजनल के अंतर्गत आते हैं। सभी स्थानों की उत्तरपुस्तिकाएं भुवनेश्वर भेजे जाने के बाद रीजनल कार्यालय ही इन्हें सभी राज्यों में वितरित करता है। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, इस प्रक्रिया में एक राज्य की उत्तरपुस्तिका दूसरे राज्य भी प्रेषित कर दी जाती हैं। डाक के जरिए प्राप्त हुई उत्तरपुस्तिकाओं को मूल्यांकन केंद्र तक पहुंचाने और वहां से मूल्यांकन होने के बाद पुनः कार्यालय लाने के लिए बोर्ड अपने परिवहन साधनों का प्रयोग करेगा। इसमें सामान्यतः ट्रक और छोटे आकार की गाड़ियां शामिल होती हैं।

### क्यूआर कोड के जरिए भरे जाएंगे अंक

गौरतलब है कि इस बार सीबीएसई ने उत्तरपुस्तिकाओं में क्यूआर कोड भी लगाया है ताकि डूप्लीकेट उत्तरपुस्तिका अथवा नकल की किसी तरह की आशंका ना हो। कॉपियों के मूल्यांकन के बाद उसमें दिए हुए क्यूआर कोड के जरिए छात्रों के अंक भरे जाएंगे। ऑनलाइन पोर्टल में अंक भरने के बाद इसके आधार पर विद्यार्थियों के अंतिम परिणाम तैयार किए जाएंगे।

## देह व्यापार मामले में मास्टर माइंड व दो महिला दलाल सहित अब तक 17 गिरफ्तार

# देह व्यापार का मास्टर माइंड कोलकाता से गिरफ्तार, लोकेंटो एप से तय कराते थे फोटो व रेट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड पर एक्सीडेंट करने के बाद नशे की हालत में विदेशी युवती ने हंगामा किया था। इस घटना के बाद पुलिस ने जब घटना की जांच की, तो इसमें देह व्यापार के बड़े गिरोह का खुलासा हुआ।

इस गिरोह में संलिप्त लोग अलग-अलग राज्यों के साथ विदेशी युवतियों को बुकिंग पर रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भेजा करते थे। पुलिस एक्सीडेंट करने वाली विदेशी युवती और अधिवक्ता भावेश आचार्य से पूछताछ और उनके मोबाइल से मिले सुराग के आधार पर रायपुर के साथ कवर्धा, अम्बिकापुर, महासमुंद, जगदलपुर एवं भिलाई आदि शहरों से भी इस व्यापार में संलिप्त लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, वहीं अब इस गिरोह के मास्टर माइंड जुगल कुमार राय को भी परगना पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया है।

इस तरह अब तक इस गिरोह में शामिल मास्टर माइंड और दो महिला दलाल सहित 17 लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

### इस तरह हुआ गिरोह का पर्दाफाश, 27 हजार में विदेशी युवती की बुकिंग

तेलीबांधा पुलिस ने एक्सीडेंट करने के मामले में उज्बेकिस्तान की युवती के साथ भावेश आचार्य निवासी महावीर नगर को गिरफ्तार किया था। इन दोनों से पूछताछ के बाद पता चला कि विदेशी युवती देह व्यापार में संलिप्त है तथा बुकिंग पर रायपुर आई हुई है। युवती ने यह भी बताया था कि वह जुगल के बुलाये जाने पर देह व्यापार के लिए मुंबई से रायपुर आई थी। यहां वह एक होटल में रुकी थी। भावेश आचार्य ने भी पूछताछ में बताया कि वह जुगल से मोबाइल पर संपर्क कर विदेशी युवती की बुकिंग कराकर रायपुर बुलाया था। भावेश ने बुकिंग के एवज में जुगल को 27 हजार रुपए का भुगतान भी किया था। इसके बाद पुलिस ने रायपुर सहित अन्य कई शहरों में छापेमारी कर अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था।



### इन धाराओं के तहत अपराध दर्ज

पुलिस ने इस गिरोह में संलिप्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### लाकेंटो एप के माध्यम से ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाता था युवतियों के फोटो व रेट

एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने देह व्यापार से जुड़े मामले में सोमवार को एक और खुलासा किया है। इस गिरोह के मास्टर माइंड जुगल कुमार को लोकेशन के आधार पर परगना पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। जुगल वैसे तो मूलतः पश्चिम बंगाल का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में वह अशोक नगर ट्रांसफार्मर के पास गुढ़ियारी में रहता था। पुलिस की कार्रवाई के बाद वह फरार हो गया था। पूछताछ में जुगल ने पुलिस को बताया है कि वह विदेशी सहित अलग- अलग राज्यों से युवतियों को रायपुर बुलाकर अपने नेटवर्क के माध्यम से ग्राहकों को उपलब्ध कराता था। इस गिरोह में जुगल की पत्नी भी शामिल थी। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार किया है। इसके अलावा मयंक हरपाल, मोह. शबीर, मनोरंजन बारिक, ऋषभ शर्मा तथा अन्य एक महिला से पूछताछ पर पता चला है कि सभी लोग लोकेंटो एप के माध्यम से ग्राहकों को युवतियों का फोटो और रेट उपलब्ध कराया करते थे। इसके बाद युवतियों की बुकिंग कराकर ग्राहकों के पास भेजा जाता था।

### इन लोगों की पहले ही हो चुकी है गिरफ्तारी

पुलिस ने गिरोह में शामिल रवि ठाकरे निवासी आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द, जागेंद्र उके उर्फ मोहन निवासी हनुमान नगर पहाड़ीपारा गुढ़ियारी, बृजेश साहा निवासी कमल विहार सेक्टर7 टिकरापारा रायपुर, मोह. साजिद निवासी मोतीनगर संतोषी नगर रायपुर, दिनेश लिलवानी निवासी देवपुरी कुर्सी फैक्ट्री के बगल कृष्णा पुरी रायपुर, शेख इमरान निवासी संजय नगर रायपुर, अमित सोनी निवासी पुरानी बस्ती सोनारपारा रायपुर, रमेन्द्र पाठक निवासी रायपुरा सत्यम विहार डीडीनगर रायपुर, शेख नूरूल हक निवासी चौरसिया कालोनी मस्जिद के पास टिकरापारा रायपुर, दुर्गेश पनागर निवासी रविदास नगर पीजी कॉलेज के पीछे सिटी कोतवाली कवर्धा, मयंक हरपाल निवासी जगरनाथ एनक्लेव सांई मंदिर के पास महावीर नगर रायपुर, मोह. शबीर पिता कुदरतउल्ला खान उर्फ विक्की बादशाहनिवासी प्रगति विहार गुडलक फैक्ट्री के पीछे संतोषी नगर टिकरापारा रायपुर, मनोरंजन बारिक निवासी सेक्टर 01 कौशल्या अपार्टमेंट फ्लैट नंबर 302 कमल विहार टिकरापारा रायपुर, ऋषभ शर्मा निवासी विशाल नगर तेलीबांधा तथा दो महिला दलाल को गिरफ्तार किया है।

## अंतिम सप्ताह में बदली गई रणनीति विषय नहीं बल्कि अधिक अंक वाले टॉपिक पर फोकस करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर




- एक मार्च से प्रारंभ हो रही हैं माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं

माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाएं एक मार्च से प्रारंभ हो रही हैं। जिले के शासकीय विद्यालयों में परीक्षा से सप्ताहभर पूर्व तैयारी संबंधित रणनीति में बदलाव कर दिए गए हैं। छात्र जिन विषयों में कमजोर हैं, उसके सभी टॉपिक का अध्ययन कराने के स्थान पर अधिक अंक वाले टॉपिक का अध्ययन कराया जा रहा है। स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित नहीं की जा रही हैं। शाला अवधि में ही छात्रों को रिवीजन कराया जा रहा है ताकि उन्हें घर पर अध्ययन के लिए पर्याप्त समय मिल सके। स्कूल माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किए गए ब्लू प्रिंट के आधार पर तैयारी करवा रहे हैं। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा स्कूलों को तैयारी संबंधित ये दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिस टॉपिक पर सर्वाधिक अंक निर्धारित है, उससे संबंधित सवाल शिक्षकों द्वारा छात्रों को विस्तार से हल करवाए जा रहे हैं। इनमें दीर्घ उत्तरीय सवालों की संख्या अधिक है। कमजोर परीक्षा में उत्तीर्ण हो सकें और औसत छात्रों के परिणाम सुधर सकें, इसलिए अधिक अंक वाले सवालों पर फोकस करने की रणनीति अपनाई जा रही है। मौजूदा सप्ताह में छात्रों की नियमित कक्षाएं संचालित करने के बाद अगले सप्ताह अधिकतर स्कूलों में विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए अघोषित छुट्टियां प्रदान कर दी जाएंगी।

*समग्र शिक्षा ने भी लिए है मॉक टेस्ट : छमाही और प्री बोर्ड के मध्य अंतराल में समग्र शिक्षा द्वारा भी मॉक टेस्ट लिए गए हैं। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा पहली बार शैक्षणिक सत्र 2024-25 में छात्रों द्वारा अर्द्धवार्षिक परीक्षा में अर्जित अंकों को ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज करने निर्देश दिए गए थे।*

### राजधानी में एक भी केंद्र संवेदनशील नहीं

माशिम ने दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं के लिए इस वर्ष 2 हजार 523 केंद्र बनाए हैं। इनमें से 58 नए केंद्र हैं, जबकि पिछले वर्ष के 12 परीक्षा केंद्रों को विभिन्न कारणों से बंद किया गया है। माशिम ने जिला शिक्षा कार्यालयों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर संवेदनशील परीक्षा केंद्रों को भी चिन्हांकित किया है। राजधानी रायपुर में एक भी स्कूल संवेदनशील परीक्षा केंद्र की सूची में नहीं है।

## फर्जी वोटर आईडी-आधार, अंकसूची बनाने का खेल, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर में फर्जी वोटर आईडी, आधारकार्ड, अंकसूची बनाने का रैकेट काम कर रहा था। इसका खुलासा तब हुआ, जब मुंबई से फर्जी दस्तावेजों के साथ तीन बांग्लादेशी भाईयों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया। इन तीनों से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने अपना फर्जी वोटर आईडी, आधार से लेकर अन्य दस्तावेज कचहरी चौक स्थित सत्कार कंप्यूटर सेंटर से बनवाए थे। टिकरापारा पुलिस ने इस मामले में अब कंप्यूटर सेंटर में छापा मारकर उसके संचालक मो. आरिफ को गिरफ्तार किया है।

### पासपोर्ट-वीजा के लिए बनाते थे फर्जी दस्तावेज

करीब सप्ताहभर पहले मुंबई में तीन बांग्लादेशी भाईयों को फर्जी आईडी सहित अन्य दस्तावेजों के साथ पकड़ा गया था। इनमें मो. इस्माईल, शेख साजन एवं शेख अकबर शामिल रहे। इन तीनों के पास पासपोर्ट व वीजा के अलावा रायपुर के फर्जी वोटर आईडी, आधार एवं मार्कशीट मिले थे। पूछताछ पर तीनों ने बताया था कि ये सभी मार्कशीट रायपुर के कचहरी चौक स्थित सत्कार कंप्यूटर सेंटर से बनवाए हैं। रायपुर पुलिस ने सायबर सेल और एटीएस की संयुक्त टीम तैयार कर सत्कार कंप्यूटर सेंटर में छापा मारते हुए इसके संचालक मो. आरिफ निवासी फूल चौक नयापारा को गिरफ्तार किया।



- पकड़े गए तीन बांग्लादेशियों की निशानदेही पर कम्प्यूटर सेंटर में छापा

### एक आरोपी फरार, तलाश जारी

पुलिस को फर्जी दस्तावेज तैयार करने में एक और आरोपी की जानकारी मिली है, जिसका नाम शेख अली बताया जा रहा है। आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। आरिफ के ठिकाने से बरामद कंप्यूटर सिस्टम खंगाले जा रहे हैं और पूछताछ जारी है।

## संगीत संध्या कार्यक्रम 22 को

रायपुर। आरकेएम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा 22 फरवरी को एक शाम साउथ के अनमोल रत्नों के नाम की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। यह कार्यक्रम बीजेपी कार्यालय के पास रजबंधा मैदान मौदहापारा स्थित मायाराम सुरजन हॉल में शाम 6 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में सभी संगीत प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि इस संगीतमय कार्यक्रम में दक्षिण भारत के विश्व प्रसिद्ध गायक केजे येसुदास, हरिहरन, एसपी बालासुब्रमण्यम के कर्णप्रिय गीतों को पेश किया जाएगा।

### महिलाओं की सुरक्षा के लिए सखी सेंटर भवन की मांग

रायपुर। रायपुर राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए संचालित सखी सेंटर के लिए एक स्थायी भवन की मांग जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने सरकार से की है। साथ ही उन्होंने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से इस विषय में तत्काल कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, सूने मकानों को बनाते थे निशाना, एक खरीदार भी पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों चोरों ने न्यू राजेंद्र नगर और टिकरापारा थाना क्षेत्र अंतर्गत 7 सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इन दोनों के कब्जे से लाखों कीमत के सोने-चांदी के जेवरात तथा एक पल्सर वाहन बरामद किया गया है। पुलिस ने इस मामले में चोरी के जेवरात खरीदने वाले एक ज्वेलर्स संचालक को भी गिरफ्तार किया है।

### गिरोह बनाकर करते थे चोरी

एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने इस गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि न्यू राजेंद्र नगर और टिकरापारा क्षेत्र में सूने मकानों में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही थीं। इसे देखते हुए अधिकारियों को आरोपियों को जल्द से जल्द तलाश कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। इसके तहत एंटी क्राइम साइबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने जांच के दौरान सीसीटीवी फूटेज की जांच करने के साथ मुखबिर भी लगा रखे थे। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि एक आदतन अपराधी व चोरी के मामले में जेल जा चुका रितिक वर्मा 19 वर्ष निवासी डीडीनगर इन दिनों अत्यधिक मात्रा में रुपए खर्च कर रहा है। इससे पुलिस को उस पर संदेह हुआ। पुलिस ने संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर जब कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपने साथी मयंक सोनी 26 वर्ष निवासी बम्बलेश्वरी मंदिर के पास डंगनिया के साथ चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया। पुलिस ने इसके बाद दोनों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चोरी के सोने के जेवर 33 ग्राम, चांदी के जेवर 329 ग्राम तथा 1 पल्सर मोटर सायकल जुमला कीमती लगभग 5 लाख 50 हजार रुपए जब्त किया है।

### चोरी के वाहन में घूम-घूम कर देते थे चोरी को अंजाम

दोनों आरोपियों ने एक पल्सर मोटरसायकल चोरी की थी। इसी चोरी के वाहन में दोनों घूम-घूमकर सूने मकान की तलाश कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

### ज्वेलर्स दुकान में बेचते थे चोरी के जेवर

मकानों से जेवरात चोरी करने के बाद दोनों चोर डंगनिया स्थित महादेव ज्वेलर्स के संचालक अशोक कुमार सोनी निवासी विकास विहार कालोनी डीडीनगर को जेवरात बेचा करते थे। पुलिस ने इस मामले में ज्वेलर्स संचालक को भी गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी के जेवर वे काफी कम कीमत पर बेचा करते थे।

### सोने-चांदी के जेवरात सहित पल्सर वाहन जब्त



### शातिर चोरों के विरुद्ध थानों में दर्ज प्रकरण

टिकरापारा में धारा 331(4), 305 बी.एन.एस, धारा 331(4), 305 बी.एन.एस., धारा 331(4), 305 बी.एन.एस., धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. तथा धारा 457, 380 भादवि. के तहत अपराध दर्ज है। इसी प्रकार न्यू राजेन्द्र नगर थाना में धारा 331(4), 305 बी.एन.एस., धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. एवं पुरानी बस्ती में धारा 379 भादवि. के तहत अपराध दर्ज है।




## पेज 11 के शेष ...

### रायपुर-जगदलपुर में...

नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने वाला है जम्मू-कश्मीर से गुजरने वाले इस विक्षोभ का प्रभाव बहुत अधिक होने की संभावना नहीं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फरवरी के महीने में मौसम उतार-चढ़ाव वाला रहेगा इसकी वजह रात में बहुत अधिक गर्मी पड़ने की संभावना अभी नहीं है।

### खम्हारडीह थाना...

लंबा रेला लग रहा है, जिसके कारण रेड से ग्रीन सिग्नल दो से तीन बार होने के बाद कई गाड़ी रोड क्रास कर पा रही हैं। इस तरह लगभग 8 से 12 मिनट तक गाड़ियां सिग्नल के कारण फंस रही हैं। हालांकि इससे पूर्व भी यहां जाम की स्थिति बनती थी, लेकिन उस समय गाड़ियां कुछ मिनटों में रोड क्रास कर लेती थीं।

### सड़क पर जन्मदिन का...

काटने वालों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया था। जयस्तंभ चौक पर रविवार रात को विनोद कश्यप ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपना जन्मदिन मनाया। बताया जा रहा है कि विनोद और उसके साथी पहले जन्मदिन मनाने के लिए जयस्तंभ चौक पहुंचे थे। यहां पुलिस ने जब उन्हें केक काटने के लिए मना किया, तो वे सुंदर नगर चौक पहुंचे, जहां बीच सड़क पर स्कूटी पर केक रखकर विनोद से कटवाया गया। इस दौरान उसके साथियों ने आतिशबाजी करते हुए जमकर हुल्लड़ भी किया। इस सेलीब्रेट करने के दौरान युवकों की अन्य दोपहिया गाड़ी के साथ कार भी सड़क पर पार्क मिली, जिसके कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था। पुलिस ने इस मामले में विनोद सहित उसके अन्य 9 साथियों के विरुद्ध धारा 126-2, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है।

**केक काटने में ये रहे शामिल** : विनोद कश्यप, फरदीन खोखर निवासी ईदगाह भाठा, वैभव पांडेय निवासी तेलीपारा फुलचौक, पीयुष राजपूत निवासी देवनगरी महादेव घाट, नितेश पांडेय निवासी श्रीराम नगर चंगोराभाठा, मुनेश गौतम निवासी गोकुल धाम सोसायटी रायपुर, यश कोसले निवासी पटेलपारा कुशालपुर, अभिषेक ठाकुर निवासी कबीर नगर रायपुर, विकास जैन निवासी विप्र नगर रायपुरा तथा आयूष साहू 21 वर्ष निवासी टीचर कॉलोनी कोटा शामिल है।




SUMEET
JEWELLERS
Sutra
FOREVER CLASSIC
BRIDAL MASTERPIECES
हम गढ़ते हैं विश्वास
RAIPUR | DURG | RAJIM | RAJNANDGAON

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 18 फरवरी 2025
# लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937


04 फ्लोरल आउटफिट में दिखेंगी ...



शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में सोमवार को लीजेंड-90 क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला दर्शकों के दिलों को धड़काने वाला रहा। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने राजस्थान के खिलाफ अंतिम ओवर की आखिरी गेंद पर जीत हासिल कर इतिहास रच दिया। छत्तीसगढ़ के ऋषि दीवान ने शानदार नाबाद 40 गेंदों पर 70 रन की पारी खेली और टीम को शानदार वापसी दिलाई, जिससे स्टेडियम में भी दर्शक खुशी से झूम उठे। इस रोमांचक फाइनल मुकाबले में 10000 से अधिक दर्शक मौजूद थे। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 15 ओवर में 160 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य सेट किया।

# छत्तीसगढ़ वॉरियर्स बनी लीजेंड चैम्पियन

## फाइनल मैच देखने पहुंचे 10 हजार से अधिक दर्शक



### आखिरी ओवर तक जोश रहा कायम

मुकाबले ने दर्शकों को अंत तक बांधकर रखा। स्टेडियम में छत्तीसगढ़ की बल्लेबाजी का हर एक पल दर्शकों ने बड़े उत्साह से एन्जॉय किया। इस रोमांचक मुकाबले में राजस्थान की टीम ने जहां 10 छक्के लगाए, वहीं छत्तीसगढ़ ने भी पूरे मैच के दौरान 7 छक्के मारे। हालांकि सबसे ज्यादा 19 चौके छत्तीसगढ़ की टीम ने लगाए। राजस्थान की ओर से 12 गेंद बॉउंड्री तक पहुंची, लेकिन छत्तीसगढ़ के बल्लेबाजों ने अपनी आक्रामक पारी से मैच को रोमांचक बना दिया। मैच के दौरान स्टेडियम में दर्शक डीजे की धुन पर जमकर डांस कर रहे थे। दर्शकों का कहना था कि शुरुआत में तो मैच के इस स्तर तक पहुंचने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन अंतिम ओवर तक मैच ने ऐसा रोमांच पैदा किया कि कोई भी दर्शक उसे छोड़ने को तैयार नहीं था।

### चौके-छक्कों पर मना जश्न

छत्तीसगढ़ की जीत के बाद स्टेडियम में खुशी का माहौल था। दर्शकों ने छत्तीसगढ़िया सबले गढ़िया.., का नारा लगाते हुए जोरदार जश्न मनाया। पूरे मैच के दौरान स्टेडियम में छत्तीसगढ़ की टीम को लेकर एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। हर चौके-छक्के के साथ दर्शक अपनी जगह से झूमते हुए खुशी का इजहार कर रहे थे। मैच खत्म होने के बाद खिलाड़ियों ने चमचमाती ट्रॉफी उठाकर अपनी जीत का जश्न मनाया और दर्शकों के साथ खुशी में शामिल हुए।



**रायपुर।** लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी छत्तीसगढ़ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान मॉटीन गप्टिल केवल 6 रन बनाकर आउट हो गए, वहीं गुरक्रीत सिंह भी 1 रन बनाकर पैवेलियन लौट गए। इसके बाद शेल्डन जैक्सन ने 12 गेंदों पर 24 रन की पारी खेली, लेकिन मैच का असली टर्निंग प्वाइंट ऋषि दीवान की शानदार बल्लेबाजी रही। उन्होंने चौके और छक्कों की मदद से टीम को जीत के करीब पहुंचाया और अंत में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को रोमांचक जीत दिलाई। यह मैच दर्शकों के लिए अविस्मरणीय बन गया और छत्तीसगढ़ की टीम ने अपनी जबरदस्त वापसी से सभी को हैरान कर दिया।

### 10 ओवर के बाद मैच में आया ट्विस्ट

फाइनल मुकाबले में 10 ओवर के बाद स्टेडियम में दर्शकों ने छत्तीसगढ़ की जीत की उम्मीद पूरी तरह से छोड़ दी थी, क्योंकि टीवी स्क्रीन पर दिखाया जा रहा था कि मैच जीतने के लिए अब 30 गेंदों में 65 रन चाहिए, लेकिन इसके बाद शेल्डन जैक्सन और अभिमन्यु ने मैदान में ऐसी तूफानी बल्लेबाजी की, जिससे मैच का पूरा परिणाम पलट गया। इन दोनों खिलाड़ियों ने केवल दो ओवरों में 46 रन बना दिए और छत्तीसगढ़ को वापसी का भरोसा दिलाया। अंतिम 11 गेंदों में 31 रन की आवश्यकता थी और अभिमन्यु ने अक्रामक बल्लेबाजी कर दबाव को कम किया। फिर सिद्धार्थ ने एक ही गेंद में 6 रन बनाकर छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को दो विकेट से जीत दिला दी। इस शानदार साझेदारी ने दर्शकों को चौंका दिया और छत्तीसगढ़ ने अपनी शानदार वापसी से दर्शक भी हैरान थे।



## लाइव इवेंट

# बढ़ते साइबर अटैक से बचने अब तकनीक समझना जरूरी



**रायपुर।** इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी 17 से 21 फरवरी तक 'एम्पॉवेरिंग एन्प्रेंयूर्स साइबर एंड नेटवर्क सिक्योरिटी अवेयरनेस फॉर थ्रेटप्रिवेंशन' पर एक कार्यशाला की मेजबानी कर रहा है। इसका उद्देश्य उद्यमियों, शिक्षाविदों के साथ छात्रों को साइबर सुरक्षा व बढ़ते अटैक से बचने के लिए जरूरी जानकारी और उपकरण प्रदान करना है। कार्यशाला को प्रीमियर संस्थानों के एक्सपर्ट द्वारा साइबर और नेटवर्क सुरक्षा पर उच्च स्तर की टेक्नॉलॉजी के बारे में बताया गया। इसमें छात्र-छात्राओं समेत अलग-अलग क्षेत्र के शोधकर्ता भी शामिल होने में रुचि ले रहे हैं।

### एक्सपर्ट ने साझा किए अनुभव

इस आयोजन में मुख्य अतिथि आईआईटी गुवाहाटी के प्रो. सुकुमार नंदी मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में हुई नवीनतम प्रगति और चुनौतियों के बारे में वक्तव्य दिया। वहीं ग्रेट ऑफ ऑनर प्रो. योगेंद्र श्रीवास्तव ने डिजिटल युग में सुरक्षित व्यावसायिक प्रथाओं को लेकर अपना मूल्यवान अनुभव साझा किए। इस तरह की कार्यशालाओं के महत्व पर बोलते हुए प्रो. श्रीनिवास ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था में साइबर सुरक्षा को लेकर लोगों को ज्यादा जागरूकता की जरूरत है।

### एक मंच के रूप में काम करेगी

संस्थानों को लक्षित करने वाले साइबर खतरों के बढ़ने से साइबर सुरक्षा, उद्यमियों को सशक्त बनाना ही केवल एक विकल्प नहीं है, बल्कि जरूरत भी है। यह प्रयास ज्ञान विनिमय और कौशल-निर्माण के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। तय भी करेगा कि प्रतिभागी डिजिटल संपत्तियों को भी सुरक्षित करने के लिए तैयार हैं। आगे कहा, उद्यमी, आईटी पेशेवर, शोधकर्ता और साइबर सुरक्षा में रुचि रखने वाले छात्र इसमें भाग ले रहे हैं। कार्यशाला का समन्वय डॉ. रुहुल अमीन द्वारा किया जा रहा है।

## सिटी इवेंट

# शिक्षा और संस्कृति का संगम, नृत्य में पिरोई एकता-अखंडता की भावना



**रायपुर।** प्रगति कॉलेज का वार्षिकोत्सव शहीद स्मारक भवन में हुआ, जहां स्टूडेंट्स ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा की खूबसूरत प्रस्तुतियां दीं, जिनमें कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी और मणिपुरी जैसी पारंपरिक नृत्य कलाओं की शानदार छटा देखने को मिली। अनेकता में एकता की थीम पर विभिन्न प्रांतों के लोकनृत्यों का मंचन किया गया, जिसमें राजस्थान का कालबेलिया, ओडिशा का सम्बलपुरी, उत्तराखंड का पहाड़ी, असम का बिहू और गुजरात का गरबा शामिल था। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की माटी से जुड़ा हुआ छत्तीसगढ़ी बारहमसी नृत्य भी प्रस्तुत किया गया, जिससे प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को मंच पर जीवंत किया गया। इसके बाद श्रीकृष्ण रासलीला और श्रीराम जन्मोत्सव नृत्य नाटिका के माध्यम से भारतीय संस्कृति तथा भक्तिभाव को दर्शाया गया। कार्यक्रम के अंत में वेस्टर्न फ्यूजन ग्रुप डांस की प्रस्तुति ने मंच पर आधुनिकता और भारतीय रंगों का मिलाजुला रूप पेश किया, जिससे पूरा सभागृह झूम उठा। इस कार्यक्रम ने शिक्षा के महत्व को समझाने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं की सुंदरता को भी प्रदर्शित किया, जो विद्यार्थियों के लिए एक यादगार अनुभव रहा।

### छत्तीसगढ़ी बारहमासी नृत्य की प्रस्तुति

भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा की खूबसूरत प्रस्तुतियों के तहत कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी और मणिपुरी जैसी पारंपरिक नृत्य कलाओं का समागम हुआ। इन नृत्यों ने भारतीय संस्कृति की विविधता और खूबसूरती को मंच पर जीवंत किया। इसके अलावा अनेकता में एकता के तहत विभिन्न प्रांतों के लोकनृत्य प्रस्तुत किए गए। राजस्थान के कालबेलिया, ओडिशा के सम्बलपुरी, उत्तराखंड के पहाड़ी, असम के बिहू और गुजरात के गरबा ने भारतीय अखंडता और एकता की भावना को मंच पर उतारा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी संस्कृति का भी सुंदर चित्रण किया गया। छत्तीसगढ़ी तीज-त्योहारों का गुणगान करते हुए विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी बारहमासी नृत्य की प्रस्तुति दी, जो कार्यक्रम को और भी खास बना गया। इसके बाद भक्तिभाव से ओत-प्रोत श्रीकृष्ण रासलीला और श्रीराम जन्मोत्सव नृत्य नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्थाओं को मंच पर जीवंत किया।

### शिक्षा मानवता के निर्माण में सहायक

मुख्य अतिथि केटीयू के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा रहे। उनके साथ कॉलेज की सलाहकार डॉ. श्रुति झा भी मौजूद थीं। प्राचार्या डॉ. सौम्या नैय्यर ने कहा कि कॉलेज का शैक्षणिक परिणाम प्राध्यापकों और विद्यार्थियों की मेहनत का नतीजा है। मुख्य अतिथि प्रो. शर्मा ने कहा, शिक्षा तभी पूरी होती है, जब वह मानवता के निर्माण में सहायक होती है और दूसरों की मदद करने में योगदान देती है।

# देश के युवा मोबाइल पर रील्स बनाने में व्यस्त हैं, अमेरिका टेक्नोलॉजी में कर रहा इनोवेशन

**रायपुर।** सिविल लाइंस में युवा संस्था की वीकली स्पेशल क्लास में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला भी शामिल हुए। इस व्याख्यान का आगाज भजन से किया गया। इसमें प्रेरणा गुरुकुलम हीरापुर की दृष्टिहीन सुश्री डिगेश्वरी ने भजन पेश किया। संस्था के छात्रों ने मुख्य अतिथि को सूत की माला, शॉल, श्रीफल के साथ ही पुष्पगुच्छ भी भेंट किया गया।



### युवा कर रहे टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल

आगे बताया कि इस कोर्स में भी छात्रों को सिर्फ तीन वर्षों के बाद पढ़ाई छोड़ने पर उन्हें बीए, बीएससी या बीकॉम की डिग्री मिल जाएगी, यानी उन्हें पूरे कोर्स को पढ़ने या पूरा करने की बाध्यता नहीं होगी। प्रो. शुक्ला ने युवाओं के मोबाइल की लत और उसके दुरुपयोग से उत्पन्न हो रहे खतरे का एहसास कराने का प्रयास किया। आगे कहा कि जहां देश के युवा, मोबाइल पर रील्स बनाने में व्यस्त हैं। वहीं अमेरिका-यूरोप के युवा टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल इनोवेशन पर करने लगे हैं।

### बिना डिग्री जगाई शिक्षा की अलख

मुख्य वक्ता प्रो. शुक्ला ने बताया कि आजादी के पूर्व ब्रिटिश शासन में भारतीयों को कामकाजी सेवक बनाने के उद्देश्य से शिक्षा दी जाती थी। अब इसके मद्देनजर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लाया गया। उन्होंने बताया कि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में ऐसे एक व्यक्ति जशपुर के जागेश्वर प्रसाद को प्रो. ऑफ प्रैक्टिस के पद पर नियुक्त किया है, जिन्होंने औपचारिक शिक्षा कि डिग्री लिए बिना बिरहोर जनजाति के आदिवासियों के बीच शिक्षा की अलख जगाने का काम किया। इसके लिए भारत सरकार ने इन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य 5 स्तंभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही इसके प्रमुख स्तंभ हैं।

# नवीनतम ज्ञान के साथ नवाचार और उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा



**रायपुर।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईसीटी अकादमी के द्वितीय चरण में पायलट प्रोजेक्ट है। इस पीडीपीएम आईआईआईटी ओएम जबलपुर ने हब-एंड-स्पोक मॉडल को पीआरएसयू को स्पोक के रूप में भी शामिल करते हुए साझेदारी की है। इस मॉडल के तहत पीआरएसयू में छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन का सोमवार को आगाज किया गया। इसमें प्रोफेसर डॉ. विजय नाथ मुख्य अतिथि तो वहीं रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने नई तकनीक के साथ स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए जरूरी जानकारी दी।

### 22 तक चलेगा फैकल्टी विकास प्रोग्राम

संस्थान नवाचार परिषद पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, भारतीय वीएलएसआई शिक्षा सोसायटी रांची के सहयोग से सोमवार को "वीएलएसआई डिजाइन,एम्बेडेड सिस्टम और कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस में स्टार्टअप" विषय पर साप्ताहिक फैकल्टी विकास प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन 17-22 फरवरी तक चलेगा। इसे शिक्षकों व शोधकर्ताओं को नवीनतम ज्ञान के साथ नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया है। इसके माध्यम से एक सप्ताह तक युवाओं को रोचक जानकारी एक्सपर्ट द्वारा दी जाएगी।

## इस बार महंगे वाहनों की बिक्री ने स्थापित किया नया कीर्तिमान

# ऑटो एक्सपो से आरटीओ के खजाने में गए 100 करोड़ 30 हजार गाड़ियां बेचीं, हुआ 9000 करोड़ का कारोबार

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में लगाए गए महीनेभर के ऑटो एक्सपो का समापन हो गया। इस बार महंगे वाहनों की बिक्री ने कारोबार का नया कीर्तिमान स्थापित किया। एक्सपो के दौरान 30000 से अधिक गाड़ियों की बिक्री हुई, जिससे 9000 करोड़ का कारोबार हुआ। इसमें जीएसटी और आरटीओ की फीस भी शामिल है। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी के अनुसार, इस बार आरटीओ के खजाने में 100 करोड़ रुपए गए है। एक्सपो में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री भी शानदार रही। इस दौरान 2500 से अधिक ईवी वाहनों की बिक्री हुई और प्रदर्शित किए गए 29 नए मॉडल्स में पेट्रोल, डीजल, इलेक्ट्रिक कार और बाइक, साथ ही कृषियंत्र भी शामिल थे। सुजुकी, महिंद्रा और टाटा की कारों की बिक्री सबसे ज्यादा रही। इस बीच स्काई ऑटोमोबाइल और अन्य डीलरों के स्टॉल्स से ब्रेजा, आर्टिगा, डिजायर, महिंद्रा एक्सयूवी 700 और एक्सयूवी 3एक्सओ जैसे वाहनों की बिक्री भी हुई।








### महंगी कारें रहीं आकर्षण का केंद्र

ऑटो एक्सपो में इस बार महंगी कारें और बाइक्स आकर्षण का केंद्र रहीं। राडा उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने बताया कि वोल्वो, बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज बेंज, ऑडी और जगुआर जैसी महंगी कारों की बिक्री ने एक्सपो की शोभा बढ़ाई। वोल्वो एक्ससी 60 (70 लाख) और एक्ससी 90 (एक करोड़ दो हजार), बीएमडब्ल्यू एक्स वन (63 लाख) और एस. सीरीज (73 लाख) सहित अन्य महंगी कारें खरीदी गईं। इसके अलावा टोयोटा फॉर्च्यूनर (43 से 47 लाख) भी लोगों के बीच पॉपुलर रही।

### पर्यावरण के प्रति बढ़ी जागरूकता

बाइक प्रेमियों के लिए ट्रायम्फ और रॉयल इनफील्ड का आकर्षण बढ़ा रहा। इस साल की एक बड़ी खासियत रही इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग। लोग अब पेट्रोल और डीजल वाहनों के बजाय इलेक्ट्रिक वाहनों पर अधिक निर्भर हो रहे हैं। टाटा पंच 10-15 लाख, नेक्सॉन 14-18 लाख, महिंद्रा एक्सयूवी 400 17-18 लाख और महिंद्रा बीई 26-29 लाख जैसे ईवी मॉडल्स की बिक्री हुई। इसके अलावा ऑटो एक्सपो ने इस बार इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों का विश्वास और बढ़ाया, जिससे पर्यावरण के प्रति जागरूकता और बढ़ी।

**समाज लाइव**

## गोशाला में बछड़ों और गोमाता का कराया जा रहा इलाज, मिल रहा सम्मान



**रायपुर।** अब समय आ गया है, जब गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान मिलना चाहिए। गोमाता की सेवा और सुरक्षा के साथ उनके पालन पोषण के लिए देश की सरकार को भी विचार करना चाहिए। तभी गोमाता को सही मायने में मान-सम्मान मिल सकेगा। यह बात मारुति आश्रम बेलपाड़ा ओडिशा से प्रवास पर आए महंत चिन्मयादास महाराज ने कही। उन्होंने हीरापुर रोड स्थित बाना गुमा में जिंदल परिवार द्वारा संचालित लीलावती देवी भगवान दास गोशाला का अवलोकन किया। जहां 350 से भी ज्यादा गोवंश की सेवा जारी है। गोसेवा सदन के संरक्षक सुरेश जिंदल ने बताया कि माता-पिता के आशीर्वाद से उनके सपनों को साकार करने के लिए गोशाला का संचालन किया जा रहा है। यहां लाई जाने वाली बीमार गोमाता और उनके बछड़ों का इलाज भी कराया जाता है।

### गोमाता सुरक्षित संरक्षित होगी

गौ सेवा सदन में लाने के बाद बीमार गोमाता, दुर्घटना में घायल गोवंश का इलाज और सेवा की जाती है। महंत चिन्मयादास महाराज ने बिना मां के छोटे-छोटे गोवंश को बोतल से दूध भी पिलाया। वहीं गोमाता से आशीर्वाद भी उन्होंने लिया। महंतजी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार अब गोवंश के क्षेत्र में ध्यान दे रही है। जिंदल परिवार जैसे संरक्षक और गो-सेवक आगे आ रहे तो निश्चित ही छत्तीसगढ़ में गोमाता सुरक्षित और संरक्षित होगी। इन विचारों को साझा करने के बाद महंतजी के साथ पहुंचे आचार्यों ने गोशाला का जायजा लिया।

**लाइव इवेंट**

## संकट चतुर्थी पर 21 बार अथर्वशीर्ष पाठ, मंत्रों का किया विधिवत जाप



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के डगनिया महिला केंद्र की महिलाओं ने संकट चतुर्थी के अवसर पर 12 बार अथर्वशीर्ष का पाठ किया गया। पाठ का आयोजन केंद्र की सदस्य अंकुर महाजन देशपांडे के निवास पर किया गया। मंडल की ओर से संचालित सखी निवास-कामकाजी महिला वसती गृह की प्रभारी नमिता शेष ने बताया कि डंगनिया केंद्र द्वारा वर्षभर चतुर्थी पर अथर्वशीर्ष का पाठ किया जाता है। इस बार यह आयोजन केंद्र की सदस्यों ने अंकुर महाजन के घर किया गया। वहां पहुंची केंद्र की सभी महिलाओं ने 21 बार अथर्वशीर्ष का पाठ किया। बुद्धि और विद्या के दाता गणेश जी परमात्मा का विघ्ननाशक स्वरूप है।

### अथर्वशीर्ष का पाठ मंगलकारी

श्री गणेश के भक्त विभिन्न प्रकार से उनकी अनेक श्लोक, स्तोत्र, जाप द्वारा गणेशजी की आराधना करते हैं। इनमें से गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ भी बहुत मंगलकारी है। पाठ करने वालों में अनामिका महाजन, रंजना राजिमवाले, प्रीति काले, अनुभा जाऊलकर, श्रध्दा देशमुख, शैला गायधनी, रश्मि डांगे, जया भावे, दीपांजली भालेराव, अनुजा महाडिक समेत अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

**आराधना**

## कर्मफल संसार का नियम, दोगुना होकर मिलता है अच्छे और बुरे कर्मों का फल



**रायपुर।** पुरानी बस्ती के गोपाल मंदिर में चल रही भागवत कथा में अजामिल प्रसंग, मोहिनी अवतार, हरि अवतार, नृसिंह अवतार, वामन अवतार का वर्णन किया गया। कथाव्यास गोपाल शरणदेव महाराज ने सबसे पहले श्रीकृष्ण के नाम की महिमा का वर्णन किया। कथा में व्यासपीठ से संत गोपालशरण देवाचार्य ने बताया कि मोक्ष में जो भगवान की प्राप्ति है, वो भगवान के अनुसार है। भक्ति में भगवान की जो प्राप्ति है, वो भक्त के अनुसार है। ये अंतर है मोक्ष और भक्ति में। भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान नृसिंह के रूप में अवतरित हुए और हिरण्यकश्यप से प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की। मंगलवार को कथाव्यास ने बताया कि कर्मफल संसार का नियम है, अच्छे और बुरे कर्मों का फल दुगुना होकर मिलता है। हम जैसा बोते हैं, वैसा ही काटते हैं। इसके बाद गोपालशरण देवाचार्य ने मोहिनी प्रसंग का वर्णन किया।

### हरि अवतार का किया वर्णन

गजेंद्र दृष्टांत का उल्लेख करते हुए महंत गोपाल शरणदेव बताया गया कि जब मगरमच्छ ने अपने मुंह में गजेंद्र के पैर को पकड़ लिया तो गजेंद्र ने अपने प्राणों की रक्षा के लिए भगवान को याद किया। गजेंद्र का उद्धार करने के लिए भगवान ने हरि का अवतार लेकर तुरंत ही उसके प्राणों की रक्षा की। कथा में इसके बाद आज होने वाली कथा के बारे में जानकारी देते हुए पं. श्याम शरणदेव ने बताया कि कथा में आज श्रीराम जन्म की कथा का वर्णन किया जाएगा। इसके बाद धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा।

**कुम्हारों ने चिकनी और दोमट मिट्टी से तैयार किए नए मटके**

# प्राकृतिक रूप से प्यास बुझाने जड़ों से जुड़ रहे लोग, मिट्टी की बोतल में 24 घंटे ठंडा रहेगा पानी

भीषण गर्मी के आगमन से पहले कुम्हारों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। गर्मी में मटके का ठंडा पानी बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की पहली पसंद बन जाता है और यह सेहत के लिए भी फायदेमंद भी होता है। इस मौसम में कुम्हारों द्वारा मिट्टी के मटके, घड़े, सुराही, बोटल और गिलास जैसे बर्तन तैयार किए जा रहे हैं। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर गर्मी से पहले ही मिट्टी के बर्तनों की दुकानों की सजावट देखी जा सकती है।



**गर्मी से पहले शहर के चौक-चौराहों पर मटके की दुकान सजी कुम्हारों को मिलने लगा ऑर्डर**

**रायपुर।** कुम्हारों ने नई डिजाइन के बर्तन तैयार किए हैं, जो ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। कुम्हार का कहना है कि गर्मी के मौसम से करीब दो महीने पहले ही मिट्टी के बर्तन बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है और हल्की गर्मी के संकेत मिलते ही मांग बढ़ने लगती है। शहर के दुकानदारों से भी कुम्हारों को ऑर्डर मिलने लगे हैं। सोमेश कुंभकार ने बताया कि अब तक 500 से अधिक मटके तैयार किए जा चुके हैं। 10 से 15 स्थानों से मटके का ऑर्डर मिल चुका है और बोटल्स भी सस्ते दामों पर तैयार की जा रही हैं। इस बार बर्तनों में न केवल आकार में विविधता होगी, बल्कि उनकी डिजाइन भी नई और आकर्षक होगी।

### एक बार फिर जड़ों से जुड़ रहे लोग

गर्मी के मौसम में घड़े का ठंडा पानी ही सुकून दे पाता है। आजकल जहां हर घर में फ्रिज जैसी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं, वहीं इसके बावजूद लोग गर्मी में घड़े खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं। यह दर्शाता है कि लोग एक बार फिर अपनी जड़ों से जुड़ने की ओर बढ़ रहे हैं और प्राकृतिक रूप से अपनी प्यास बुझाने का तरीका अपना रहे हैं। कुम्हारों ने बताया कि मार्च से लेकर मई महीने तक लगातार मटकों की बिक्री होती है। घरों और दुकानों के लिए अलग-अलग तरह के मटके तैयार किए जा रहे हैं।



### कोलकाता, ओडिशा और बिलासपुर के मटके

इस साल गर्मी के मौसम में कोलकाता, ओडिशा, गुजरात और बिलासपुर से मटके और बोतल की भारी मांग हो रही है। दुकान संचालक शबाना बेगम ने बताया कि गर्मी में मिट्टी के बर्तनों की खरीदारी में वृद्धि होने के कारण कुम्हार दो महीने पहले ही मटके और बोतल बनाने का कार्य शुरू कर देते हैं। बीते कुछ वर्षों में लोग अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक हो गए हैं और चिकित्सकों की सलाह पर अब मिट्टी के बर्तन खरीदते हैं। इस समय चिकनी मिट्टी से बने कोलकाता के घड़े की विशेष मांग है, क्योंकि ये लंबे समय तक पानी को ठंडा रखते हैं। इन घड़ों का निर्माण केवल गर्मी के दिनों में अन्य राज्यों से किया जाता है और लोग इनका इंतजार सालभर करते हैं। इस साल गुजरात के घड़े भी लोगों की पहली पसंद बने हैं। अब तक 50 से अधिक गुजरात के घड़े बिक चुके हैं। कुम्हारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए मटकों में नई डिजाइन भी तैयार की है, जो बर्तन की बिक्री को और बढ़ावा दे रही है।

### अलग-अलग मिट्टी से बने मटके

कुम्हार अब मटके को लंबे समय तक ठंडा रखने के लिए विशेष ध्यान दे रहे हैं और इसके लिए वे अलग-अलग प्रकार की मिट्टी का उपयोग कर रहे हैं। काली, दोमट और खेलों की मिट्टी से बनाए गए मटके गर्मी में पानी को ठंडा बनाए रखने में सक्षम होते हैं। काली मिट्टी की खासियत यह है कि यह पानी को ठंडा रखने में अधिक प्रभावी होती है, जबकि दोमट मिट्टी में नमी बनाए रखने की खास क्षमता होती है। खेलों की मिट्टी से बने मटके भी अपनी संरचना के कारण पानी को ठंडा रखने में कारगर होते हैं। इस तरह की विविधता से मटके का उपयोग सिर्फ पारंपरिक नहीं, बल्कि अधिक प्रभावी और प्राकृतिक तरीका बन चुका है, जो शरीर के लिए भी फायदेमंद साबित होता है।

### डिजाइनर बर्तन तैयार कर रहे कुम्हार

गर्मी के मौसम के आगमन से पहले कुम्हारों के बर्तन की मांग तेजी से बढ़ने लगी है। खासकर रायपुरा और मुर्रा गांव के कुम्हारों को पहले ही ऑर्डर मिल चुके हैं। दुकान संचालक पार्वती ने बताया कि पिछले 15 दिनों से मटकों की खरीदारी शुरू हो गई है। इस वर्ष बाजार में डिजाइनर बर्तनों की बिक्री में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इन बर्तनों की कीमत 80 रुपए से लेकर 300 रुपए तक तय की गई है और इनकी डिजाइन लोगों को आकर्षित कर रही है। कुम्हारों द्वारा तैयार किए गए इन बर्तनों का आकार और डिजाइन इस बार कुछ अलग है, जो ग्राहकों को लुभा रही है।

## झेरिया यादव समाज का आदर्श विवाह सम्मेलन, 11 जोड़ों ने लिए सात फेरे

*रायपुर। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज महानगर इकाई व महिला प्रकोष्ठ ने महादेव घाट स्थित सामाजिक भवन में धूमधाम से 11 जोड़े का आदर्श विवाह करवाया। इस आयोजन के बीच प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए भी मंच दिया गया। आदर्श विवाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के चलते सामाजिक भवन में उत्साह का माहौल दिनभर रहा। समाज के विवाह योग्य 368 युवतियों और 106 युवाओं ने परिचय दिया। वहीं आदर्श विवाह में 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम के बीच समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ अन्य विधाओं में उत्कृष्ट काम करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसमें पारंपरिक राउत नाचा का प्रस्तुति दी गई।*



### वैवाहिक पत्रिका में होगा प्रकाशन

इसके साथ ही बड़ी संख्या में युवक युवतियों ने बायोडाटा जमा करके पंजीयन भी करवाया। इसका प्रकाशन समाज की वैवाहिक पत्रिका में किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में प्रदेश कोषाध्यक्ष जीआर यादव, संरक्षक आरडी यादव, जगतराम व मनोज यादव ने योगदान दिया। प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष आशा यादव ने भी वैवाहिक आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। व्यवस्था बनाने में परदेशी यादव, सुंदर लाल यादव ने योगदान दिया। इसमें महिलाओं की भागीदारी खास रही।



### उच्च शिक्षा में समाज करेगा सहयोग

समाज में नशामुक्ति और शिक्षा पर जोर दिया गया। प्रमुखों ने कहा कि समाज के हर बच्चे और युवाओं की शिक्षा हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि माता-पिता इस बात पर ध्यान दें कि बच्चे पढ़-लिखकर अपने पैरों पर खड़े हों। केवल नौकरी के लिए ही पढ़ाई न करें, बल्कि स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ें। जगनीक यादव ने कहा कि युवाओं को उच्च शिक्षा दिलाने में समाज भी सहयोग करेगा। अभी समाज में लड़कियां पढ़ाई में आगे, लेकिन युवकों की शिक्षा को लेकर उन्होंने चिंता भी जताई।

## कर्मा आश्रम में आदर्श सामूहिक विवाह समारोह 25 मार्च को

**रायपुर।** संत माता कर्मा आश्रम (शक्तिपीठ) समिति रायपुर की कार्यकारी अध्यक्ष तनु साहू और महामंत्री वीरसिंह साहू ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी समिति द्वारा संत माता कर्मा की 1009वीं जयंती और आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह 25 मार्च 2025 मंगलवार को पापमोचिनी एकादशी के दिन टिकरापारा रायपुर में आयोजित है। इस आयोजन में प्रदेश के सामाजिक, राजनीतिक और विशिष्टजनों की गरिमामय उपस्थिति में आचार्य पं. सुकृत साहेब शास्त्री (कबीर आश्रम सेलूद) के सानिध्य में सामूहिक आदर्श विवाह संपन्न होगा। इस वर्ष भी समिति ने पिछले वर्ष की तरह 51 जोड़ों से अधिक जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा है। समिति ने सभी को इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया है। विवाह आवेदन/पंजीकरण के लिए भामाशाह छात्रावास टिकरापारा में सुविधा उपलब्ध रहेगी। 7771879800, 9826837677 पर पंजीकरण के लिए संपर्क कर सकते हैं।



**हाई सोसायटीज में मॉड्यूलर किचन, कमरे-बाथरूम को सेंसर से जोड़ने का बढ़ रहा क्रेज**

# घरों में पानी व बिजली बचाने सेंसर तकनीक का इस्तेमाल, 5 लाख में लगा रहे आटोमेटिक सिस्टम

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** शहर में कई ऐसी प्रीमियम सोसायटी विकसित हो रही हैं, जिसमें रहने वाले लोग अब मॉड्यूलर किचन के साथ ही कमरों और बाथरूम को सेंसर सिस्टम से जोड़ रहे हैं। इसके लिए लोग एक्सपर्ट की मदद लेते हुए अलग तरह का डिजाइन करवाने लगे हैं। इस तरह का जतन सुरक्षा के लिए ही नहीं बल्कि बिजली व पानी को बचाने के लिए किया जाने लगा है। लोग नहीं चाहते कि उन्हें मकान में एंट्री करने के बाद लाइट जलाने के लिए स्वीच बोर्ड खोजना पड़े। इतना ही नहीं बाथरूम में पानी का दुरुपयोग रोकने के लिए बदलते दौर में लोग 1 से 5 लाख खर्च करने लगे हैं।

### ऑटोमेटिक मोड पर डालने सेंसर

हाईप्रोफॉइल लोगों के बीच सुख-सुविधा के लिए डिजाइन तैयार करने के साथ ही उसे सेंसर सिस्टम से जोड़ने के लिए आर्डर भी लिया जाने लगा है। विजय पटेल स्वर्णभूमि, आनंदम और सिग्नेचर होम जैसी सोसायटियों के लिए डिजाइन भी तैयार कर चुके हैं। सेंसर सिस्टम के एक्सपर्ट एवं डिजाइनर ने आगे बताया कि इन दिनों लोग मॉड्यूलर किचन को डिफरेंट लुक देना पसंद कर रहे हैं। किचन भी बड़ा बनवाने लगे हैं। इसमें खाना पकाने से लेकर पानी गर्म करने में समय गंवाने के बजाय लोग इन कामों को ऑटोमेटिक मोड पर डालने सेंसर का यूज करने लगे हैं।



### सिलिंग लाइट व फर्नीचर वर्क

अब लोग कमरों को खास बनाने के लिए सिलिंग लाइट के साथ फर्निचर का उपयोग करते हुए डिजाइन करवा रहे हैं। इससे कमरे में बाहर से आने वालों को कोई भी सामान बिखरा व अव्यवस्थित नहीं मिलता है। वार्डरोब को भी सेंसर से जोड़ने से उसमें रखे गए कीमती सामान चोरी होने का खतरा कम होता है। एक्सपर्ट ने बताया कि अब कमरे के साथ किचन, बाथरूम वर्क के लिए अलग-अलग टीम बनाई गई है, जो विशेषज्ञ के रूप में काम करती है।

### बाथरूम को दे रहे खास लुक

एक्सपर्ट ने बताया कि लोग बाथरूम को भी खास लुक देने के लिए महंगी लाइटों के साथ सेंसर के माध्यम से गीजर को टाइमर के जरिए आटोमेटिक सिस्टम से जुड़वाने में लगे हैं। इससे बाथरूम में पानी गर्म करने से लेकर यूरीन और कमोड के माध्यम से होने वाली पानी की बर्बादी को रोकने के साथ ही समय बचाने लगे हैं। अलग-अलग साइज में बाथरूम बनवाने पर ही लोग मोटी रकम खर्च कर रहे, ताकि बिजली और पानी के दोहन को कम किया जा सके। साथ ही साफ-सुथरे बाथरूम से बीमारी का खतरा कम किया जा सके। इस तरह के कल्चर से डिजाइनर्स को काम मिल रहा है।



से भी जानें

## छोटी सी गलती से टूट सकता है मां बनने का सपना, जानें महिलाओं में बांझपन की वजह



मां बनना हर महिला के जीवन का एक खूबसूरत एहसास होता है। अनियमित जीवनशैली, हार्मोनल असंतुलन और कुछ गलत आदतें इस सपने को तोड़ सकती हैं। हाल के वर्षों में महिलाओं में बांझपन के मामले तेजी से बढ़े हैं, जिससे गर्भधारण में मुश्किलें आ रही हैं। आधुनिक जीवनशैली, तनाव और अनियमित खान-पान महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य पर गहरा असर डाल रहे हैं। कई बार छोटी-छोटी गलतियां बांझपन की वजह बन सकती हैं, जिससे महिलाओं का मां बनने का सपना अधूरा रह सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सही समय पर पहचान और उपचार से इस समस्या से बचा जा सकता है। हाल के वर्षों में बांझपन के मामले तेजी से बढ़े हैं, और इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं- हार्मोनल असंतुलन, बढ़ती उम्र, धूम्रपान, मोटापा और अनहेल्दी डाइट। आइए जानते हैं उन मुख्य कारणों के बारे में, जो महिलाओं में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं।

### हार्मोनल असंतुलन है मुख्य वजह

महिलाओं में बांझपन का सबसे बड़ा कारण हार्मोनल असंतुलन होता है। कई बार पीसीओएस जैसी स्थितियां ओव्यूलेशन को प्रभावित करती हैं, जिससे गर्भधारण में दिक्कत होती है।

**उम्र का बढ़ना :** विशेषज्ञों के मुताबिक, 35 की उम्र के बाद महिलाओं की फर्टिलिटी कम होने लगती है। उम्र बढ़ने के साथ अंडाणुओं की गुणवत्ता भी घटती जाती है, जिससे गर्भधारण मुश्किल हो सकता है।

**तनाव और मानसिक स्वास्थ्य :** लगातार तनाव में रहना महिलाओं की प्रजनन क्षमता पर बुरा असर डाल सकता है। तनाव हार्मोनल संतुलन को बिगाड़ सकता है और मासिक चक्र को अनियमित कर सकता है।

**मोटापा और गलत खान-पान :** अत्यधिक वजन या बहुत कम वजन होने से ओव्यूलेशन प्रभावित हो सकता है। जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड का ज्यादा सेवन भी हार्मोनल असंतुलन को जन्म दे सकता है।

**धूम्रपान और शराब का सेवन :** धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन महिलाओं की प्रजनन क्षमता को नुकसान पहुंचाता है। शोध के अनुसार, जो महिलाएं धूम्रपान करती हैं, उनमें समय से पहले मेनोपॉज आने की संभावना अधिक होती है।

**अनियमित पीरियड्स और ओव्यूलेशन की समस्या:** अगर मासिक धर्म नियमित नहीं है, तो यह ओव्यूलेशन की समस्या का संकेत हो सकता है। ऐसे में डॉक्टर से सलाह लेकर सही इलाज कराना जरूरी है।

**कैसे करें बचाव :** बांझपन कोई लाइलाज समस्या नहीं है, लेकिन सही समय पर सावधानी और चिकित्सा परामर्श लें हेल्दी डाइट लें और नियमित रूप से एक्सरसाइज करें। तनाव कम करने के लिए योग और मेडिटेशन करें। धूम्रपान और शराब से दूरी बनाएं। नियमित रूप से स्त्री रोग विशेषज्ञ से चेकअप कराएं।

## रात में इन चीजों का सेवन हो सकता है सेहत के लिए हानिकारक



रात का समय हमारे शरीर के आराम के लिए बहुत अहम होता है। इस समय सही खान-पान न केवल अच्छी नींद में मदद करता है बल्कि अगली सुबह को भी ताजगी भरी बनाता है, लेकिन कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जिनका रात में सेवन करना हमारी सेहत पर बुरा असर डाल सकता है। आइए उन चीजों के बारे में जानते हैं, जिन्हें रात में खाने से बचना चाहिए।

**कैफीन युक्त पेय पदार्थों का सेवन न करें :** कैफीन युक्त पेय जैसे चाय, कॉफी या एनर्जी ड्रिंक्स का सेवन रात में करने से नींद प्रभावित हो सकती है। कैफीन एक उत्तेजक तत्व होता है, जो मस्तिष्क को सक्रिय रखता है और इससे नींद आने में दिक्कत होती है। अगर आप अच्छी नींद चाहते हैं तो सोने से कम से कम चार घंटे पहले कैफीन युक्त पेय पदार्थों का सेवन बंद कर दें।

**मसालेदार भोजन खाने से बचें :** मसालेदार भोजन रात के समय खाने से पेट की समस्याएं बढ़ सकती हैं। यह एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है, जिससे आपकी नींद में खलल पड़ सकता है। मसालेदार खाने से पेट में जलन भी हो सकती है, जो रात में आराम करने में बाधा बनती है। इसलिए रात के समय हल्का भोजन करना बेहतर होता है ताकि पेट की समस्याओं से बचा जा सके और नींद अच्छी आए। मीठे खाद्य पदार्थ जैसे मिठाई या शक्करयुक्त स्नैक्स का अधिक सेवन रात में करने से रक्त शर्करा स्तर बढ़ सकता है, जिससे अनिद्रा की समस्या हो सकती है।

व्रत के दौरान अनाज का सेवन वर्जित होता है और केवल सात्विक भोजन किया जाता है

# महाशिवरात्रि, व्रत के दौरान बनाकर खाएं पौष्टिकता से भरपूर मखाने के ये व्यंजन

महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पारवती के शुभ विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला त्योहार है, जो इस साल 26 फरवरी को पड़ रहा है। इस दिन सभी श्रद्धालु पूरे विधि-विधान के साथ शिव जी की आराधना करते हैं और व्रत रखते हैं। व्रत के दौरान अनाज का सेवन वर्जित होता है और केवल सात्विक भोजन किया जाता है। महाशिवरात्रि के उपवास के दौरान मखाने का सेवन किया जाता है, जिससे ये लजीज व्यंजन बनाए जा सकते हैं।



### मखाने की फिरनी

मखाने की फिरनी बनाने के लिए एक कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें मखाने भून लें। इन्हें एक बैग में डालकर बेलन की मदद से तोड़ लें। अब एक बर्तन में दूध गर्म करें और उसमें उबाल आ जाने दें। जब दूध गाढ़ा होने लगे तो उसमें केसर और इलायची पाउडर मिला दें। इसके बाद इसमें चीनी शामिल करें और लगातार मिलाते हुए पकने दें। जब दूध आधा हो जाए तो उसमें मखाने डालकर मिला लें।

### मखाने की रबड़ी

व्रत के दौरान आप मखाने की रबड़ी बना सकते हैं, जिसकी विधि आसान है। इसके लिए एक पैन में दूध गर्म करने के लिए रख दें।दूसरी तरफ मखानों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। कढ़ाई में घी गर्म करके मखानों और मेवों को भून लें और मिक्सी में पीस लें। इस पाउडर में किशमिश, चिरौंजी और पिस्ता मिला लें। इस मिश्रण को दूध में डालें और चीनी डालकर तब तक पकाएं, जब तब यह गाढ़ा न हो जाए।

### मखाने की खीर

व्रत के दौरान हमारे शरीर को पर्याप्त ऊर्जा की जरूरत होती है। इसके लिए आप मखाने की खीर बनाकर खा सकते हैं। यह एक मीठा व्यंजन है, जो महाशिवरात्रि पर बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले घी में मखाने भून लें। अब एक पैन में दूध चढ़ाएं और इसमें केसर और मखाने डालें। इसमें सूखे मेवों को बारीक काटकर डाल दें। अंत में इसमें इलाइची पाउडर और चीनी डालें। आपकी मखाने की खीर तैयार है।

### मखाने के लड्डू

मखाने के लड्डू की रेसिपी की शुरुआत मखाने भूनने से होती है। भूनने के बाद उन्हें कुछ देर ठंडा होने दें, फिर मिक्सी में पीस लें। अब कढ़ाई में सूखे मेवों को भी भून लें और उन्हें भी पीसें। एक प्लेट में मखाने का पाउडर, मेवों का पाउडर, इलायची पाउडर और बारीक कटे मेवे मिलाएं। कढ़ाई में गुड़ और पानी को पिघलाकर चाशनी बनाएं और उसमें मखाने का मिश्रण डाल दें। इसे ठंडा करें और इसके गोल-गोल लड्डू बना लें।

## सोने से पहले नाभि पर लगाएं घी मिलेंगे स्वस्थ त्वचा समेत अनेक लाभ

आयुर्वेद के अनुसार, नाभि हमारे शरीर का केंद्र बिंदु होती है, जिससे कई अंग जुड़े होते हैं। भारत में दादी-नानी सदियों से नाभि में घी लगाने की सलाह देती आई हैं। अब इंटरनेट पर इस रुझान की खूब चर्चा हो रही है और इसे दुनियाभर के लोग बढ़-चढ़कर अपना रहे हैं। हालांकि, नाभि में घी लगाने से पहले इससे मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों पर नजर डालना जरूरी होता है। सोने से पहले नाभि पर घी लगाएं और ये फायदे पाएं।



**तनाव से मिलेगा छुटकारा :** आयुर्वेद के अनुसार, नाभि पर घी लगाने से वात दोष संतुलित रहता है। यह शरीर और मन में गति को नियंत्रित करने वाला तत्व है, जिसके कारण चिंता, थकान और अनिद्रा जैसी परेशानियां पैदा होती हैं। नाभि पर घी लगाने से यह दोष मिट जाता है और तनाव से छुटकारा मिल जाता है। इससे तंत्रिका तंत्र को आराम मिलता है और चिंता व बेचैनी कम होती है। साथ ही, घी की मदद से आपको आरामदायक नींद भी मिल सकती है।

**चमकेगी आपकी त्वचा :** अगर आप रोजाना रात के समय अपनी नाभि में घी लगाएंगे तो आपकी त्वचा मुलायम और चमकदार बन जाएगी। यह त्वचा की देखभाल करने का आसान तरीका है, जो सदियों से अपनाया जा रहा है। घी में विटामिन, फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो त्वचा को पोषण और नमी प्रदान करते हैं। इसकी मदद से आपकी त्वचा अंदरूनी तौर पर हाइड्रेट हो जाएगी और रूखेपन से छुटकारा मिल जाएगा। नाभि में घी लगाने से त्वचा में निखार भी आएगा।

**पाचन होगा दुरुस्त :** रात को सोने से पहले नाभि पर घी लगाने से आपका पाचन स्वास्थ्य दुरुस्त हो सकता है। इसके जरिए पेट से जुड़ी समस्याओं का इलाज करने में मदद मिलती है। नाभि में रोजाना घी लगाने से गैस, कब्ज, एसिडिटी और यहां तक की पेट दर्द की समस्या भी दूर हो जाती है। यह प्रक्रिया पाचन एंजाइम्स को सक्रिय करती है, जिससे खाने को ठीक तरह से पचाने में मदद मिलती है।

**होंठों का फटना होगा कम :** सर्दियों के दौरान ठंडी और शुष्क हवा चलती है, जिसके कारण होंठ फटने लगते हैं। कई लोगों को इस दौरान दर्द महसूस होता है और उनके होंठों से खून भी आने लगता है। हालांकि, अगर आप हर रात अपनी नाभि में घी लगाते हैं तो इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। इससे न केवल आपके होंठ फटने बंद हो जाएंगे, बल्कि वे मुलायम और गुलाबी भी हो जाएंगे।

## 21 फरवरी से इन 3 राशि वालों का चमेकगा भाग्य, होगा आकस्मिक धनलाभ

ज्योतिष शास्त्र मुताबिक बुध ग्रह मिथुन और कन्या राशि के स्वामी हैं। साथ ही बुध देव व्यापार, बुद्धि, तर्क शक्ति, अर्थव्यवस्था, शेयर बाजार और गणित के कारक हैं। इसलिए बुध ग्रह की चाल जब भी बदलती है तो खासकर इन क्षेत्रों पर खास प्रभाव पड़ता है। आपको बता दें कि 21 फरवरी को बुध ग्रह कुंभ राशि में उदित होने जा रहे हैं। जिससे 3 राशि के जातकों को व्यापार और करियर में सफलता मिल सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**वृश्चिक राशि :** बुध देव का उदित आप लोगों के लिए शुभ सिद्ध हो सकता है। क्योंकि बुध देव आपकी राशि से सुख-साधन के स्थान पर उदित होंगे। इसलिए इस दौरान आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। वहीं लंबे समय से अटके काम पूरे होंगे। वहीं अगर आपका काम- कारोबार रियल स्टेट, प्रापर्टी या जमीन- जायदाद से जुड़ा हुआ है तो आपको अच्छा लाभ हो सकता है। वहीं इस समय आपकी माता के साथ संबंध मजबूत होंगे। साथ ही इस समय आप कोई लग्जरी आयटम खरीद सकते हैं। वहीं छात्रों को करियर को लेकर कोई टेंशन है, तो वो भी जल्द दूर हो सकती है। वित्तीय क्षेत्र में किए गए प्रयासों में कारोबारियों को सफलता मिलेगी।

**मेष राशि :** आप लोगों के लिए बुध ग्रह का उदित होना शुभ फलदायी साबित हो सकता है। क्योंकि बुध ग्रह आपकी राशि से इनकम और लाभ स्थान पर




उदित होने जा रहे हैं। इसलिए इस समय आपकी आय में जबरदस्त इजाफा हो सकता है। साथ ही पढ़ाई में जो छात्र समस्याओं का सामना कर रहे हैं, वे अब उनसे बाहर निकल पाएंगे। वहीं राजनीति से जुड़े लोगों को विवादों से मुक्ति मिलेगी। गुरु या मेंटर के रूप में काम करने वालों को नई ऊर्जा मिलेगी। साथ ही इस समय आपको निवेश से लाभ के योग बनेंगे। वहीं इस दौरान जो लोग शेयर बाजार, सट्टा और लॉटरी में निवेश करना चाहते हैं, उनके लिए समय अनुकूल है।

**कुंभ राशि :** बुध ग्रह का उदित होना कुंभ राशि के लोगों को लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। क्योंकि बुध ग्रह आपकी गोचर कुंडली के लग्न भाव पर संचरण उदित होंगे। इसलिए इस समय आपकी कार्य करने की शैली में निखार होगा। साथ ही इस दौरान आप लोकप्रिय होंगे। वहीं समाज में आपको मान-सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। साथ ही नए कॉन्ट्रैक्ट व डील से बिजनेसमैन को लाभ होगा और बिजनेस का विस्तार होगा। साथ ही इस दौरान शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। वहीं अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव आ सकता है।



## रात में अच्छी नींद पाना चाहते हैं तो आजमाएं ये आयुर्वेदिक उपाय, दूर करें नींद की कमी

नींद की कमी आजकल एक आम समस्या बन गई है, जिससे कई लोग जूझ रहे हैं। यह न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर असर डालती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती है। आयुर्वेद में कुछ सरल उपाय बताए गए हैं, जो आपकी नींद को बेहतर बना सकते हैं। ये उपाय प्राकृतिक होते हैं। आइए कुछ ऐसे आयुर्वेदिक उपायों के बारे में जानते हैं, जो आपको रात में अच्छी नींद दिलाने में मदद कर सकते हैं।

### सोने से पहले गर्म दूध का सेवन करें

गर्म दूध का सेवन सोने से पहले करने से शरीर को आराम मिलता है और नींद जल्दी आती है। दूध में ट्रिप्टोफैन नामक अमीनो एसिड होता है, जो मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाता है और इससे नींद बेहतर होती है। आप इसमें थोड़ा-सा हल्दी या जायफल मिलाकर पी सकते हैं, जिससे इसका प्रभाव और भी बढ़ जाता है। यह नुस्खा आपके शरीर को शांत करता है और दिमाग को तनावमुक्त करता है।

### तिल के तेल की मालिश करें

तिल का तेल आयुर्वेद में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। सोने से पहले सिर और पैरों की मालिश तिल के तेल से करने पर शरीर का तनाव कम होता है और मन शांत होता है। यह रक्त संचार को सुधारता है और मांसपेशियों की थकान दूर करता है, जिससे गहरी नींद आती है। इस प्रक्रिया को नियमित रूप से अपनाने पर आपको जल्द ही फर्क महसूस होगा।

### हर्बल चाय पिएं

सोने से पहले हर्बल चाय पीना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। कैमोमाइल या तुलसी जैसी जड़ी-बूटियों वाली चाय आपके नसों को शांत करती हैं, जिससे आपको जल्दी नींद आने लगती है। इन चायों में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर के विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालते हैं और आपकी सेहत को बेहतर बनाते हैं। इसे पीकर आप खुद को हल्का और तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आपकी नींद की गुणवत्ता में सुधार होगा और आप सुबह उठकर ताजगी महसूस करेंगे।



### इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग बंद करें

सोने से पहले कम-से-कम एक घंटे पहले सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि का उपयोग बंद कर देना चाहिए। इन उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन में बाधा डालती है, जिससे नींद आने में दिक्कत होती है। इसके बजाय आप किताब पढ़ सकते हैं या हल्का संगीत सुन सकते हैं। यह आपके मन को शांत करता है और तनाव कम करता है, जिससे आपको जल्दी और गहरी नींद आती है।

**नियमित समय पर सोएं :** नियमित समय पर सोना आपकी बॉडी क्लॉक सेट करने में मददगार साबित हो सकता है। जब आप रोजाना एक ही समय पर सोते हैं तो आपका शरीर उस रूटीन का आदी हो जाता है, जिससे आपको बिना किसी परेशानी के जल्दी नींद आने लगती है। कोशिश करें कि सप्ताहांत पर भी इस रूटीन का पालन करें ताकि आपकी बॉडी क्लॉक सही बनी रहे।

# पीरियड्स के दौरान क्यों लो हो जाता है बीपी? जानें इसकी वजह और बचाव के उपाय

महिलाओं के लिए मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन इस दौरान शरीर में कई बदलाव होते हैं। कई महिलाओं को थकान, चक्कर आना और कमजोरी महसूस होती है, जिसका एक बड़ा कारण लो ब्लड प्रेशर हो सकता है। पीरियड्स के दौरान बीपी कम होना आम समस्या है, लेकिन कई बार यह गंभीर रूप भी ले सकता है। आइए जानते हैं कि पीरियड्स के दौरान ब्लड प्रेशर लो क्यों होता है और इसे नियंत्रित रखने के उपाय क्या हैं। पीरियड्स के दौरान लो ब्लड प्रेशर होना एक आम समस्या है, लेकिन इसे सही डाइट और हाइड्रेशन से नियंत्रित किया जा सकता है।



### डिहाइड्रेशन

मासिक धर्म के दौरान शरीर से अधिक मात्रा में द्रव बाहर निकलता है, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। पानी की कमी होने से रक्त संचार प्रभावित होता है और ब्लड प्रेशर लो होने लगता है।

### हार्मोनल बदलाव

मासिक धर्म के दौरान एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन जैसे हार्मोन्स के स्तर में उतार-चढ़ाव होता है, जिससे रक्त संचार प्रभावित होता है और ब्लड प्रेशर कम हो सकता है।

### खून की कमी (एनिमिया)

पीरियड्स के दौरान ज्यादा रक्तस्राव होने पर शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम हो सकती है, जिससे ब्लड प्रेशर गिरने लगता है। खासकर उन महिलाओं में यह समस्या ज्यादा देखी जाती है, जिनमें पहले से ही खून की कमी होती है।

### दर्द निवारक दवाओं का सेवन

पीरियड्स के दर्द से राहत पाने के लिए कई महिलाएं पेनकिलर दवाओं का सेवन करती हैं, जो ब्लड प्रेशर को कम कर सकती हैं।

### पोषण की कमी

अगर पीरियड्स के दौरान शरीर को जरूरी पोषक तत्व नहीं मिलते, तो कमजोरी और लो बीपी की समस्या हो सकती है। खासतौर पर आयरन, फोलिक एसिड और मैग्नीशियम की कमी से यह समस्या अधिक बढ़ जाती है।



### पीरियड्स के दौरान लो बीपी से बचाव के उपाय

पीरियड्स के दौरान डिहाइड्रेशन से बचने के लिए दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं।

खून की कमी को पूरा करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां, अनार, चुकंदर, ड्राई फ्रूट्स और दालें अपने आहार में शामिल करें। लो बीपी से बचने के लिए हल्का नमक और मीठा पानी पिएं. नारियल पानी और ग्लूकोज ड्रिंक भी फायदेमंद हो सकते हैं।

ज्यादा कॉफी या चाय का सेवन ब्लड प्रेशर को और गिरा सकता है।

पेनकिलर लेने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें। थकान और कमजोरी से बचने के लिए शरीर को पर्याप्त आराम दें और हल्की एक्सरसाइज करें, जिससे रक्त संचार बेहतर हो।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सेलिब्रिटी पेरिस हिल्टन करोड़ों रुपए की संपत्ति की हैं मालकिन



हॉलीवुड के कई सेलिब्रिटीज भारत में भी खूब पॉपुलर हैं। ऐसी ही एक सेलिब्रिटी पेरिस हिल्टन भी हैं। वह लगभग हर फील्ड में हाथ आजमा चुकी हैं। मॉडल, एक्टर, सिंगर सभी कुछ रह चुकी हैं। साथ ही बतौर बिजनेस वूमेन भी काफी पॉपुलर हैं। वह एक रईस अमेरिकी होटल चैन मालिक हिल्टन परिवार से संबंध रखती हैं और उनके नाम करोड़ों की संपत्ति है। पेरिस हिल्टन अमेरिका के न्यू यॉर्क में पैदा हुईं और लॉस एंजिल्स में बड़ी हुईं। वह कॉनॅड हिल्टन की पोती हैं, जो मशहूर अमेरिकी हिल्टन होटल चैन के मालिक हैं। पेरिस ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की। उन्हें डोनाल्ड ट्रंप, जो आज अमेरिकी राष्ट्रपति हैं, ने कभी अपनी मॉडलिंग एजेंसी के जरिए मौका दिया। कम ही समय में पेरिस मॉडलिंग की दुनिया में मशहूर हो गईं। इसके बाद 90 के दशक में पेरिस हिल्टन ने कई रियालिटी शो किए, जिसमें 'द सिंपल लाइफ', 'पेरिस हिल्टन माय न्यू बॉयफ्रेंड', 'द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू पेरिस' और 'कुकिंग विद पेरिस'। इन सभी शो में उन्होंने अपनी जिंदगी दर्शकों को दिखाई। पेरिस ने सिंगिंग में भी हाथ आजमाया, अपने सिंगल एल्बम निकाले, बतौर डिस्क जॉकी भी काम किया। कुछ हॉलीवुड फिल्मों में भी वह नजर आईं। सफल होने के बाद पेरिस हिल्टन ने साल 2004 में बिजनेस वूमेन के तौर पर काम करना शुरू किया।

### टॉलीवुड

## साउथ की ये फिल्में इतिहास की मार्मिक कहानियों पर हैं आधारित



वैलेंटाइन डे के मौके पर विक्की कौशल की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म 'छावा' सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों का काफी प्यार मिल रहा है। फिल्म ने पहले दिन ही 31 करोड़ रुपये के कलेक्शन के साथ शानदार ओपनिंग की। साथ ही तीन दिनो में ही 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर गई। अगर आप भी ऐतिहासिक फिल्में देखने के शौकीन हैं, तो आज हम आपको साउथ की कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं। साउथ की फिल्म 'राजन्ना'एक पीरियड ड्रामा फिल्म है। यह साल 2011 में रिलीज हुई। जो भारत के आजाद होने के पहले के स्वतंत्रता सेनानी सुदाला हनुमंथु के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में नागार्जुन ने मुख्य भूमिका निभाई है। 'महानती'साउथ इंडियन एक्ट्रेस सावित्री के जीवन पर आधारित है, जो उनके जीवन के उत्थान और पतन को दिखाती है। यह फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में दुलकर सलमान और कीर्ति सुरेश ने प्रमुख भूमिका अदा की है। सायरा नरसिम्हा रेड्डी भारत के पुराने इतिहास पर आधारित है। इस फिल्म में दिखाया जाता है कि रायलसीमा के सम्राट उलायवाडा नरसिम्हा रेड्डी अंग्रेजों को खत्म करने की लड़ाई लड़ते हैं। इस फिल्म में चिरंजीवी मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। गौतमीपुत्र सत्कारणी सातवाहन वंश के राजा गौतमीपुत्र शातकर्णी की कहानी पर आधारित है। यह उनके जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म ने साल 2016 में सिनेमाघरों में दस्तक दिया था।

### भोजपुरी

## अक्षरा की सुरीली आवाज से गाढ़े होंगे होली के रंग, आ रहा है 'कंगना जोगीरा



भोजपुरी अभिनेत्री अपने अभिनय के लिए तो दर्शकों के दिलों पर राज करती ही हैं, साथ ही फैंस उनकी सुरीली आवाज के भी मुरीद हैं। छठ हो या होली-दिवाली और दशहरा, अक्षरा के गानों के बिना हर त्योहार अधूरा सा लगता है। अब जब होली का त्योहार आने वाला है तो अभिनेत्री फैंस के लिए एक होली स्पेशल गाना लेकर आई हैं। उसका टीजर रिलीज हुआ है। अक्षरा सिंह के इस गाने का टाइटल है 'कंगना जोगीरा गावे'। फिलहाल आज शनिवार 15 फरवरी को गाने का टीजर जारी हुआ है। इसे टी-सीरीज हमार यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है। गाने को अक्षरा ने अपनी सुरीली आवाज से सजाया है साथ ही गाने पर उन्होंने परफॉर्म भी किया है। इसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। शरारत भी है और त्योहार की उमंग भी। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस को अपने इस नए गाने के बारे में अपडेट दिया है। उन्होंने टीजर शेयर करते हुए लिखा है, 'एनर्जी से भरपूर गाने की झलक आपके लिए। कंगना जोगीरा गावे गाने का टीजर रिलीज हो गया है। जल्द ही पूरा गाना भी आने वाला है'। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस को अपने इस नए गाने के बारे में अपडेट दिया है। उन्होंने टीजर शेयर करते हुए लिखा है, 'एनर्जी से भरपूर गाने की झलक आपके लिए। कंगना जोगीरा गावे गाने का टीजर रिलीज हो गया है। जल्द ही पूरा गाना भी आने वाला है'। दर्शकों को टीजर इतना दिलचस्प लगा है कि गाने के प्रति उनकी बेकरारी बढ़ गई है। यूजर्स अक्षरा की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'अक्षरा दीदी का जवाब नहीं'। एक यूजर ने लिखा, 'अबकी होली जानदार होने वाली है, अक्षरा का गाना जो आया है'। एक यूजर ने लिखा, 'सुपर सॉन्ग'। इस गाने के बोल मनोज मतलबी ने लिखे हैं।

## रेखा की ऊंची हील्स से निकलते पंजे पर अटकी निगाह




रेखा ने जैसे ही 'द रोशन्स' की सक्सेस पार्टी में एंट्री ली सारी कैमरों का फोकस उन पर आकर ठहर गया। सिर पर सफेद तौलिया बांधे हसीना ब्लैक एंड वाइट कपड़ों में अपनी अदाएं दिखाकर सबको लट्टू बना गईं। उन्होंने ब्लैक काफ्तान जैसी ड्रेस के साथ वाइट सलवार पेयर की। जिसमें उनका अंदाज कमाल का लगा। रेखा ने लूज फिटेड काफ्तान पहना है। जिसकी वाइट रफल स्लीव्स और नेकलाइन स्टाइल कोशेंट को बढ़ाने का काम कर गई, तो साथ में वाइट शॉर्ट लेंथ सलवार का कॉम्बिनेशन भी परफेक्ट लगा। वहीं, उनके तौलिया वाले हेडपीस ने ओवरऑल अंदाज को और भी इनहैंस कर दिया। जहां वह कूल लगने के साथ ही खुद को फिर से फैशनिस्टा साबित कर गईं। अपने इस लुक को स्टाइल करने के लिए रेखा ने हमेशा की तरह सब्यसाची मुखर्जी की एक्सेसरीज पहनी। उनके गोल्डन ईयररिंग्स हो या फिर ब्रेसलेट, रिंग और शेर वाला एम्बेलिश्ड स्लिंग बैग, सबकुछ लुक के साथ बैलेंस क्रिएट कर गया और उन पर खूब जचा।

## शिव जी की पूजा करते हुए पहनें ये बंधेज प्रिंट वाली साड़ियां, लुक दिखेगा ट्रेडिशनल

फैशन





इस साल महाशिवरात्रि का पावन पर्व 26 फरवरी, 2025 को मनाया जा रहा है। इस दिन हर कोई भोलेनाथ की सच्चे मन से पूजा-अर्चना करता है। कहा जाता है जो भक्त शिवजी शिवरात्रि पर मन से पूजा करते हैं उनको मनचाहा वरदान मिलता है। इस दिन सुबह से ही मंदिरों में भीड़भाड़ होने लग जाती है। स्त्रियों से लेकर पुरुष हर कोई इस दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करके व्रत भी करते हैं। इसके साथ ही ,महिलाएं इस खास दिन खूब सज-संवरकर पारंपरिक और खूबसूरत लुक में तैयार होकर भोलेनाथ की पूजा करती हैं। यदि आप भी ससुराल में रहकर व्रत रखने के साथ शिवजी की पूजापाठ करने जा रही हैं तो आज हम आपको इस आर्टिकल में कुछ बंधेज साड़ियों के डिजाइन दिखाने जा रहे हैं। जिनको आप कैरी करके खुद की ट्रेडिशनल लुक दे सकती हैं। आइए देखें डिफरेंट प्रिंट और कलर वाली बंधेज साड़ियां।

**रेड जॉर्जेट बंधेज साड़ी :** किसी भी पूजा में लाल रंग पहनना काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में आप फोटो में नजर आ रही रेड कलर की बंधेज प्रिंट साड़ी से आइडिया ले सकती हैं। इस साड़ी पर गोल्डन कलर का बॉर्डर लगा हुआ है। ब्लाउज पर भी गोल्डन कलर का वर्क किया गया है। साड़ी के संग आप भी गोल्डन और रेड बीड्स वाले इयररिंग्स पेयर अप कर सकती हैं। साथ में बन हेयर स्टाइल मिनिमल मेकअप में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा।

**ग्रीन सिल्क बंधेज साड़ी :** आप महाशिवरात्रि की पूजा में ऐसी हरे रंग की बंधेज साड़ी को भी ट्राई कर सकती हैं। इस ग्रीन रंग की सिल्क साड़ी का जरी बॉर्डर लुक को और भी ज्यादा ग्रेसफुल बना रहा है। साड़ी के संग आप भी ग्रीन और कुंदन बीड्स वाला डबल लेयर नेकलेस और मैचिंग झुमकी कैरी करें। आप चाहे तो सिर्फ झुमकी भी पहन सकती हैं। इसके साथ बालों को स्ट्रेट करके ओपन रखें और मेकअप को न्यूड टच दें।

**पीला रंग भी देता है ट्रेडिशनल लुक :** पीला रंग भी पूजा के दौरान ट्रेडिशनल लुक देता है। ऐसे में आप फोटो में नजर आ रही येलो कलर की सिंपल सोबर बंधेज प्रिंट साड़ी को भी स्टाइल कर सकती हैं। इस साड़ी पर गोल्डन कलर का स्लिम बॉर्डर लगा हुआ है। येलो साड़ी के संग आप भी रेड कलर का कंट्रास्ट ब्लाउज कैरी करें। इसके संग रेड कलर की चूड़ी पेंडेंट नेकलेस और गोल्डन झुमकी आपके लुक में चार चांद लगा देगी। हेयर स्टाइल को आप कर्ल करके हाफ टक कर सकती हैं।

## फ्लोरल आउटफिट में दिखेंगी बला की खूबसूरत, बस साथ में पहनें ये ज्वेलरी, अपने लुक को दें परफेक्ट टच

अमूमन खुद को स्टाइल करते समय हम कई तरह के आउटफिट पहनना पसंद करते हैं लेकिन अगर बात फेमिनिन लुक की हो तो ऐसे में फ्लोरल आउटफिट यकीनन आपके लुक को बेहद खास दिखाते हैं। फ्लोरल आउटफिट आपके स्टाइल में एक फ्रेशनेस एड करते हैं। यूं तो फ्लोरल आउटफिट पहनकर आप अपने डेली लुक को भी खास बना सकती हैं। अगर आप एक परफेक्ट टच चाहती हैं तो ऐसे में आपको फ्लोरल आउटफिट के साथ सही ज्वैलरी को भी पेयर करना करना आना चाहिए। इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप फ्लोरल आउटफिट के साथ किस तरह की ज्वैलरी को पेयर कर सकती हैं।

**मूड के हिसाब से स्टाइल करें क्रिएट :** ज्वैलरी ना केवल आपके लुक को एक डिफरेंट टच देती है, बल्कि आप अपने मूड के हिसाब से अपने स्टाइल को क्रिएट कर सकती हैं। मसलन, अगर आप फ्लोरल आउटफिट में एक कैजुअल लुक चाहती हैं तो ऐसे में सिंपल पेंडेंट या फिर स्टड को पेयर किया जा सकता है।



**पहनें स्टेटमेंट इयररिंग्स :** अगर आप फ्लोरल प्रिंट आउटफिट पहन रही हैं और उसमें एक बोल्ड व मॉडर्न लुक कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में उसके साथ स्टेटमेंट इयरिंरंग्स जैसे ओवरसाइज्ड हूप्स या डैंगल्स को पहन सकती हैं। जब आप स्टेटमेंट इयररिंग्स पहन रही हैं तो हमेशा ऐसे कलर को चुनें, जो आपके फ्लोरल प्रिंट के रंगों में से एक हों। स्टेटमेंट इयररिंग्स पहनते समय इस बात का खास ख्याल रखें कि बाकी एक्सेसरीज़ को आप बेहद ही सिंपल रखें।

### पहनें स्टैकेबल ब्रेसलेट और रिंग्स

यह भी एक तरीका है फ्लोरल आउटफिट के साथ एक्सेसरीज को पेयर करने का। मसलन, आप अपने फ्लोरल आउटफिट के साथ पतले ब्रेसलेट की स्टैकिंग कर सकती हैं। इसमें आप मेटल से लेकर टेक्सचर को अलग-अलग चुन सकती हैं। बस यह आपके आउटफिट की कलर स्कीम को कॉम्प्लीमेंट करें। इसी तरह, कुछ सिंपल रिंग के साथ एक बोल्ड रिंग आपके लुक को एक डिफरेंट टच देगा।

### सिंपल हो ज्वैलरी

फ्लोरल प्रिंट आउटफिट के साथ अगर आप एक सटल लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो ऐसे में सिंपल ज्वैलरी को पेयर किया जा सकता है। मसलन, आप सोने या चांदी की थिन नेकपीस को अपने लुक का हिस्सा बना सकती हैं। इसी तरह, स्मॉल हूप्स या स्टड भी आपके लुक के खास बनाते हैं। आपके आभूषण आउटफिट के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बजाय पूरक होंगे।

## अनारकली सूट कई खास मौकों पर आपका लुक कर देता है रॉयल

मार्केट में आपको कई तरह के सूट मिल जाएंगे जिन्हें आप कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन, अगर आप न्यू और एलिगेंट लुक चाहती हैं तो आप ये फ्लेयर्ड अनारकली सूट वियर कर सकती हैं। इस तरह की फ्लेयर्ड अनारकली सूट आपके लुक को स्टाइलिश और एलिगेंट बनाने में मदद करेंगे और इस तरह का सूट आप कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं।

**राउंड नेक डिजाइन अनारकली सूट :** अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के अनारकली सूट स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट आप किस फैमिली फंक्शन या पूजा के दौरान वियर कर सकती हैं और इस सूट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। ये आपको हैवी और लाइट दोनों पैटर्न में मिल जाएगा और इसे आप 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ पर्ल वर्क वाले झुमके साथ ही फुटवियर में आप फ्लैट्स स्टाइल कर सकती हैं।



### एम्ब्रॉयडरी वर्क अनारकली सूट

अगर आप शादी या सगाई के किसी फंक्शन में शामिल हो रही हैं तो आप इस तरह के एम्ब्रॉयडरी वर्क अनारकली सूट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपका बेहद ही अलग और खूबसूरत नजर आएगा। एम्ब्रॉयडरी वर्क में आपको इस तरह का सूट कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ 1,500 से 2,000 रुपये की कीमत में मिल जाएगा। इस सूट के साथ आप चोकर स्टाइल कर सकती हैं साथ ही फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं।

## छोटी है गर्दन तो डिजाइन करवाएं नेकलाइन वाली कुर्ती, आउटफिट और पैटर्न सही तरीके कराएं

हम सभी को स्टाइलिश दिखना पसंद होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हम अलग तरह के फैशन ट्रेंड को भी फॉलो कर पाते हैं। साथ ही, अपने लुक को चेंज करते हैं। लेकिन हर बार ये फैशन ट्रेंड हमारी बॉडी टाइप के हिसाब से नहीं जाता है। ऐसे में हमें कुछ अलग डिजाइन और पैटर्न सर्च करने पड़ते हैं। ये प्रॉब्लम सबसे ज्यादा छोटी गर्दन वाली लड़कियों को होती हैं। क्योंकि उनकी गर्दन पर हर नेकलाइन अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप कुछ अलग ट्राई करें। चलिए हम आपको बताते हैं कुर्ती में आपको किस तरह की नेकलाइन वाले डिजाइन को क्रिएट कराना चाहिए।

**राउंड नेकलाइन डिजाइन वाली कुर्ती :** सुंदर दिखने के लिए जरूरी है कि आप राउंड नेकलाइन वाली कुर्ती डिजाइन को क्रिएट करवाएं। ऐसा इसलिए क्योंकि राउंड नेकलाइन से हमारी गर्दन छोटी नजर नहीं आती है। साथ ही, इससे कुर्ती का लुक भी चेंज हो जाता है। इसमें आप चाहें तो पाइपिन करा सकते हैं। इसके अलावा आपको इसमें ज्यादा एम्ब्राइडरी वर्क करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह की कुर्ती ही आपको मार्केट से लेनी चाहिए।



**प्रिंसेस कट नेकलाइन वाली कुर्ती :** अगर आपको कुछ अलग ही ट्राई करना है, तो छोटी गर्दन वाली लड़कियों पर प्रिंसेस कट डिजाइन वाली कुर्ती भी अच्छी लगेगी। इस तरह की कुर्ती को पहनने के बाद आपका लुक ही चेंज हो जाएगा। साथ ही, आपको ज्यादा चीजों को लुक में ऐड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह की कुर्ती आपको मार्केट में भी आसानी से मिल जाएगी। बस आपको डिजाइन और पैटर्न का खास ध्यान रखना होगा।

### कार्नर न्यूज

## साड़ी में चार चाँद लगाने के काम ज्वेलरी करती है

## महारानी जैसे लुक के लिए डार्क कलर की साड़ी के साथ स्टाइल करें ये गोल्डन कुंदन

खूबसूरत नजर आने के महिलाएं कई सारे खास मौकों को साड़ी वियर करना पसंद करती हैं।लेकिन, इस साड़ी में चार चाँद लगाने के काम ज्वेलरी करती है। वहीं अगर आप डार्क कलर की साड़ी पहन रही हैं और महारानी जैसा लुक चाहती हैं तो इस तरह की गोल्डन कुंदन ज्वेलरी का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ गोल्डन कुंदन ज्वेलरी दिखा रही हैं। इस तरह की गोल्डन कुंदन ज्वेलरी में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लू भी रॉयल नजर आएगा।



### मल्टीकलर ज्वेलरी सेट

अगर आप इस बात का चुनाव नहीं कर पा रही हैं तो अपनि डार्क कलर की साड़ीके साथ आप किस तरह का ज्वेलरी वियर करें तो आप मल्टीकलर ज्वेलरी सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की ज्व्लेरी में जहां आप सुंदर नज आएंगी तो वहीं आपका लुक भी खूबसूरत नजर आएगा। इस मल्टीकलर ज्वेलरी सेट को ब्लैक या पर्पल कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं जो आपको 700 से 800 रुपये की कीमत में मिल जाएगा।

### मिरर वर्क ज्वेलरी सेट

अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं साथ ही ये भी चाहती हैं कि आपका लुक सबसे अलग और खूबसूरत नजर आए तो आप इस तरह की मिरर वर्क ज्वेलरी सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस ज्वेलरी सेट में बेहद ही खूबसूरत मिरर वर्क किया हुआ है साथ ही मोती भी लगे ही हैं। इस तरह की ज्वेलरी आप 400 से 500 में खरीदकर डार्क कलर की साड़ी के साथ स्त्येल कर सकती हैं।





### गोल्डन कुंदन ज्वेलरी की अन्य डिजाइन

अगर आप मिरर वर्क में कुछ न्यू डिजाइन चाहती हैं तो आप इस तरह के मिरर वर्क ज्वेलरी सेट का चुनाव सकती हैं। यह ज्वेलरी न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के बेलिए स्ट है और इसमें आप खूबसूरत भी नजर आएंगी। अगर आप ग्रीन कलर की साड़ी वियर कर रही है तो आप इस तरह की ज्वेलरी का चुनाव कर सकती हैं।